रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 12, 1972 (माघ 23, 1893)

No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 12, 1972 (MAGHA 23, 1893)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 8 फरवरी 1971 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 8th February 1971 —

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
1	2	3	4

शून्य

—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil lines Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	157
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	247
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं,	227
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . .	—
भाग II—खंड 3 उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . .	383
भाग II—खंड 3 उपखंड (ii)—रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	593
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	37
भाग III—खंड 1 महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	233
भाग III—खंड 2 एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	51
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	15
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन, और नोटिसें शामिल हैं	847
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें .	37
पूरक संख्या 7—	
29 जनवरी, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	233
8 जनवरी, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़ें	243

CONTENTS

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	157
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	247
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	227
PART II—SECTION 1.—Arts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	383
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	593
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	37
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	233
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	51
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	15
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	847
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	37
SUPPLEMENT No. 7—	
Weekly Epidemiological Reports fo rweek ending 29nd January, 1972.	
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week end 8th January, 1972	

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिवत नियमों, विनियमों, तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 जनवरी 1972

सं० 16-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित अति असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में उनको "परम विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

मेजर जनरल स्टेनली लेज़लो मेनेजिज, एस० सी० (आई० सी०-540), ग्रेनेडीयर्स।

मेजर जनरल वाल्टर एन्थोनी गुस्टेव पिन्टो (आई० सी०-605), गार्ड्स ।

मेजर जनरल विजय मोहन भट्टाचार्य (आई० सी०-1338), एम० बी० सी०, गढ़वाल राईफल्स ।

मेजर जनरल अरुण कुमार विस्वास (आई० सी०-1185), ए० ओ० सी०।

मेजर जनरल वेद प्रकाश (एम० आर०-177), ए० एम० सी०।

एयर वाइस मार्शल देबिश्रा सूबिया, वीर चक्र।

कोमोडोर दोराब रतनशा मेहता, आई० एन०।

कमोडोर जौन थौमस गौसलिन पेरीरा, ए० वी० एस० एम०, आई० एन०।

सीमा सुरक्षा दल

श्री गोलक मजुमदार, इन्स्पैक्टर जनरल, सीमा सुरक्षा दल।

सं० 17-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति द्वारा प्रदर्शित अति असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में उसको "परम विशिष्ट सेवा मैडल का बार" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

रियर एडमिरल बंग राज सिंह, पी० वी० एस० एम०, आई० एन०।

सं० 18-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में उत्कृष्ट वीरता के लिए "महावीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर अनन्त विश्वनाथ नाटू, आई० सी० 4703),

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

ब्रिगेडियर अनन्त विश्वनाथ नाटू पश्चिमी मोर्चे पर पूंछ सेक्टर में एक इन्फैन्टरी ब्रिगेड की कमान कर रहे थे। 4 दिसम्बर 1971 की रात को उनकी ब्रिगेड के रक्षित क्षेत्र पर दुश्मन ने दो इन्फैन्टरी ब्रिगेडों से भारी हमला किया जिन्हें तीन आर्टिलरी रेजिमेंट मदद दे रही थीं । इसके बाद शत्रु ने चार दिन और चार रात तक गुरपुर और बनवात के स्थानों पर एक के बाद एक लगातार हमले किये, जो इस ब्रिगेड के कब्जे में थे। ब्रिगेडियर नाटू ने बड़ी कुशलता और व्यावसायिक दक्षता से बचाव की योजना बनाई, उनका गठन किया और संचालन किया। बड़े धैर्य और स्थिरता से इन्होंने अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए उत्कृष्ट साहस से अपनी कमान को प्रोत्साहित किया और शत्रु के हमले को पीछे धकेल दिया। पूंछ सैक्टर की बहादुरी से रक्षा करते हुए उनकी ब्रिगेड ने शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचाया।

इस पूरी कार्यवाही में ब्रिगेडियर अनन्त विश्वनाथ नाटू ने अनुकरणीय साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और सराहनीय कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. ब्रिगेडियर एन्टोनी हेरौल्ड एडवर्ड मिशीगन, (आई० सी०—4190)

ब्रिगेडियर एन्टोनी हेरौल्ड एडवर्ड मिशीगन पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं के दौरान पूर्वी मोर्चे पर एक माउंटेन ब्रिगेड की कमान कर रहे थे। उन्होंने उठाली और दर्सना पर शत्रु के सुदृढ़ रक्षित स्थानों पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। उठाली पर हमले में जब उनके जवान शत्रु के स्वाचालित गनों और टैंकों की गोलाबारी से तीन तरफ से घिर गये तो शत्रु की धुआंधार गोलाबारी में उन्होंने परिस्थिति का खुद नियंत्रण संभाला. हमले का उट कर मुकाबला किया और अपने जवानों को ऐसे स्थानों में लगाया जहां से शत्रु पर आक्रमण किया जा सके। इन्होंने अपना

जान की तनिक भी परवाहन करते हुए अडिग साहस के साथ युद्ध संचालन किया और अपने जवानों को इतना प्रेरित किया कि वे शत्रु पर तूफान की तरह टूट पड़े और लक्ष्य हासिल कर लिया। बाद में, दर्सना के मजबूत ठिकानों पर कब्जा करने के लिए उन्होंने अपनी सेना को फिर से एकजुट किया और छोटे हथियारों और तोपखाने की गोलाबारी का मुकाबला करते हुए इलाके की खुद टोह करके प्राथमिक संक्रिया की और शत्रु के ठिकानों का बाहरी बाड़ा तोड़ दिया। बाद में इन्होंने मुख्य हमला किया और एकमात्र आक्रामक जोश और जवानों को बढ़ावा देते हुये घने सुरंग क्षेत्र में से होकर शत्रु के सुदृढ़ रक्षात्मक ठिकानों पर विनाशकारी हमला किया। वे एक बार फिर घमासान लड़ाई के बीच पहुंच गये और निजी उदाहरण से जवानों को प्रेरित करके मशीनगन, आर्टिलरी और मार्टर गोलाबारी की भयानक बाढ़ को तोड़ दिया और इस तरह निर्णायक विजय प्राप्त की। दर्सना पर कब्जा करने के बाद वे झेहिन्दा की ओर बढ़े और 48 घंटे में 50 किलोमीटर चल कर उन्होंने झेहिन्दा पर कब्जा कर लिया। इन्होंने शत्रु को भौंचक्का करके पूरी तरह धर लिया और आगे बढ़ने की तेज रफ्तार के कारण ही कई पुलों को ज्यों का त्यों सही हालत में ले लिया।

इन कार्यवाहियों में ब्रिगेडियर एन्टोनी हैरौल्ड एडवर्ड मिशीगन ने बड़े सैन्य कौशल से अपने ब्रिगेड का कमान किया और सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट वीरता और अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय दिया।

3. ब्रिगेडियर हरदेव सिंह क्लेर,
(आई० सी०-493), सिगनल्स

ब्रिगेडियर हरदेव सिंह क्लेर पूर्वी मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ हाल की संक्रियाओं के दौरान माउन्टेन ब्रिगेड की कमान कर रहे थे। उन्होंने कमालपुर से तुरग नदी तक आगे बढ़ने के संचलन का नेतृत्व किया। इस दौरान इन्हे शत्रु की अनेक रुकावट डालने वाली गतिविधियों से मुकाबला तो करना ही पड़ा परन्तु कमालपुर, बक्शीगंज, जमालपुर, तंगाइल, मिर्जापुर और तुरग नदी के पश्चिमी किनारे पर दुश्मन के ठिकानों को भी तहस नहस करना था। इन सब कार्यवाहियों के दौरान ब्रिगेडियर क्लेर नेतृत्व करने वाला सैन्य टुकड़ियों के साथ रहे और अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए इन्होंने संक्रियाओं का निर्देशन किया। जमालपुर की लड़ाई के दौरान सेनाओं के संचालन में उन्होंने महान सैनिक कुशलता का परिचय दिया और घुंआधार लड़ाई में स्वयं कूद कर उन्होंने अपनी उन सैन्य टुकड़ियों को महान प्रेरणा दी जिन्होंने जमालपुर के दक्षिण में शत्रु के मोर्चों पर घेरा डाल रखा था। भारी जानी नुकसान होने के बावजूद उन्होंने संक्रियाओं का निर्देशन इतनी समझदारी और साहस के साथ किया कि शत्रु के निकलने की सारी कोशिशें नाकामयाब हो गई। उन्होंने शत्रु का भारी जानी नुकसान किया और उस के 379 सैनिक बन्दी बनाये। साथ ही भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद भी उनके हाथ लगा।

इन सारी कार्यवाहियों के दौरान ब्रिगेडियर हरदेव सिंह क्लेर ने सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल विशिष्ट साहस और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय दिया और शत्रु का मुकाबला करते समय अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न की।

4. ब्रिगेडियर जोगिन्दर सिंह बख्शी,
(आई० सी०-4870),

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

ब्रिगेडियर जोगिन्द्र सिंह बख्शी पूर्वी मोर्चे पर पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रमक कार्यवाही के दौरान एक माउन्टेन ब्रिगेड की कमान कर रहे थे। 7 दिसम्बर और 16 दिसम्बर 1971 के बीच इस ब्रिगेड ने इनके नेतृत्व में कई बार सफल आक्रमण किए और शत्रु के अच्छी तरह मोर्चाबन्दी किए हुए कई इलाकों पर कब्जा कर लिया, जिससे "बोगरा" पर कब्जा करने में बड़ी आसानी हुई। ब्रिगेडियर बख्शी ने ऊंचे दर्जे की सैनिक दक्षता का परिचय दिया और उनकी साहसपूर्ण कार्यवाही ने शत्रु के होश-हवास उड़ा दिये और उसके प्रतिरोध को छिन्न-भिन्न कर दिया। परिणाम यह हुआ कि भारी संख्या में शत्रु के सैनिक हाथ आये जिसमें पाकिस्तानी सेना की 205 ब्रिगेड का कमांडर भी था।

इस संक्रिया के दौरान, ब्रिगेडियर जोगिन्दर सिंह बख्शी ने उत्कृष्ट वीरता दृढ़ निश्चय और सैन्य कौशल का परिचय दिया।

5. ब्रिगेडियर जोगिन्दर सिंह धराया,
के० सी०, वी० एस० एम०,
(आई० सी०-1984),

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

ब्रिगेडियर जोगिन्दर सिंह धराया पूर्वी मोर्चे पर एक इंफैन्टरी ब्रिगेड की कमान कर रहे थे। ब्रिगेड कमान्डर के रूप में उन्होंने बहुत ही कुशलता से लड़ाई की योजना बनाई और सराहनीय तेजी के साथ जैसोर सैक्टर में अपनी ब्रिगेड की कार्यवाही शुरू की। उनकी ब्रिगेड पर लगातार चार बार हमला हुआ, लेकिन भारी जानी नुक्सान के बावजूद उनके सैनिक मोर्चे पर डटे रहे, जिसका मुख्य कारण था—सेनाओं का उत्तम सामरिक प्रयोग, अदम्य साहस और लगातार स्वयं मोर्चे पर रहकर नेतृत्व करना। उनके इस प्रकार कार्यवाही करने से शत्रु का भारी नुक्सान हुआ और वह पीछे हटने के लिये मजबूर हो गया। इसके बाद की आक्रामक कार्रवाइयों में भी ब्रिगेडियर धराया आगवाली टुकड़ियों के साथ रहे और तभी शत्रु की गोलाबारी से बुरी तरह जख्मी हुए। चूंकि हमारी सेनाओं के बंगला देश में आगे बढ़ने के लिए इस हमले का कामयाब होना बहुत जरूरी था, इसलिए कहने पर भी वे पीछे न हटे और पीछे हटने पर तब ही राजी हुए जब हमला कामयाब हो गया।

इस पूरी कार्रवाई में ब्रिगेडियर जोगिन्दर सिंह धराया ने असाधारण साहस का परिचय दिया और अपने निजी उदाहरण से सैनिकों में ऐसा जोश और आत्मविश्वास पैदा किया कि मुश्किल संक्रियाओं में भी हमें पूरी जीत हासिल हुई।

6. ब्रिगेडियर कृष्ण स्वामी गौरी शंकर,
(आई० सी०–3999),

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

ब्रिगेडियर कृष्ण स्वामी गौरी शंकर एक इन्फैन्टरी ब्रिगेड की कमान कर रहे थे जिसे पश्चिमी मोर्चे पर डेरा बाबा नानक की रक्षा का भार सौंपा गया था। पूरी तरह तैयार और मजबूत किलाबन्द शत्रु के एक ऐसे इलाके पर कब्जा करने का काम इतनी ब्रिगेड को सौंपा गया था जहां शत्रु भारी संख्या में था। उन्होंने हमले की योजना बनाने में बड़ी दिलेरी, निर्भीकता और मौलिकता दिखाई। हमले के दौरान शत्रु के भारी टैंकों मझली मशीन गनों और तोपखाने की गोलाबारी की परवाह न करते हुए वे कार्यवाही का स्वयं संचालन और नियंत्रण करते हुए हमेशा सबसे आगे रहे। आगे वाले सैनिकों के साथ रह कर और उनकी मुश्किलों और खतरों में उनका साथ देकर इन्होंने न केवल उनका हौसला ही बढ़ाया बल्कि हमले की गति और ताव बनाये रखने के लिए वे अपनी योजनाओं में भी तबदीलियां कर सके। इनकी कुशलता और प्रेरणादायक मौजूदगी से हमले में सफलता मिली और शत्रु को भारी नुकसान पहुंचा ।

इस कार्यवाही में ब्रिगडियर कृष्ण स्वामी गौरी शंकर ने उत्कृष्ट वीरता, असाधारण नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

7. ब्रिगेडियर मोहिन्दर लाल विग
(आई० सी०–3940)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

ब्रिगडियर मोहिन्दर लाल विग, पश्चिमी मोर्चे पर कारगिल सैक्टर में इन्फैन्टरी ब्रिगड ग्रुप के कमांडर थे। इनकी ब्रिगेड को शत्रु की उन महत्वपूर्ण चौकियों पर जहां से वह कारगिल को देख सकता था कब्जा करने और "ओलथिंग थांग" तक आगे बढ़ने का काम सौंपा गया था। ये सभी पिकेट काफी ऊंचाई पर थीं और शत्रु ने तारें लगा कर और सुरंगें बिछा कर इन्हें अच्छी तरह सुरक्षित कर रखा था। ब्रिगडियर मोहिन्दर लाल विग ने सैनिक चातुर्य और कुशलतापूर्वक कार्रवाई की योजना तैयार की। 12000 फुट से भी अधिक ऊंचाई और शून्य से 20 डिग्री नीचे तक के तापमान होने के बावजूद इन्होंने दृढ़ता और खुद मौजूद रह कर धीरजपूर्ण साहस से अपने सैनिकों को शत्रु की गोलाबारी और छोटे हथियारों की गोलियों का मुकाबला करने के लिए प्रोत्साहित किया और 10 दिन के थोड़े से समय के भीतर ही शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा कर उसकी 36 चौकियों समेत भारी तादाद में हथियार और गोलाबारूद पर कब्जा कर लिया।

इस कार्रवाई में ब्रिगेडियर मोहिन्दर लाल विग ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्परा के अनुकूल विशिष्ट वीरता और असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया।

8. कर्नल उदय सिंह,
पी(आई०–4868), जी० आर०

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

कर्नल उदय सिंह एक ऐसी सेना के इंचार्ज थे जिसमें लद्दाख स्काउट्स की तीन कम्पनियां और मार्टर और मझली मशीन गनों का एक-एक सैक्शन था। इसे पश्चिमी मोर्चे पर कारगिल सैक्टर के चालुंका से टींक तक के इलाके पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। यह काम ऐसा था जिसमें बगैर टोह किये हुए इलाके में से होकर 18000 फुट तक की ऊंचाई पर शून्य से भी नीचे के तापमान में अधिकतर रात में सामान या तो खुद लादकर या जानवरों पर लाद कर ले जाना था। कर्नल उदय सिंह ने इस की योजना बड़ी बारीकी से और सैनिक कुशलता से बना कर पूरी की। इन्होंने अपनी जंगी चालों से शत्रु को पूरी तरह मात दी जो तादाद में इनसे बहुत ज्यादा थे। इन्होंने बहुत थोड़ा नुकसान उठा कर शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया और उस के बहुत सारे जवान, हथियार और उपस्कर पकड़ लिए। संचार लाइन और तोपखाने की सहायता के न होने के बावजूद इन्होंने शत्रु का पीछा किया। और उस के मजबूत मोर्चों पर अपने हमले का इतना दबाव डाला कि टर्टोक और उससे आगे का भी काफी इलाका हमारे हाथ म आ गया। इस पूरे समय में कर्नल उदय सिंह अपने जवानों

मश्किलों और खतरे में साथ रह कर आगे रहे। पास मौजूद रह कर और धीरजपूर्ण साहस से इन्होंने अपने जवानों को हमला करने के लिए उत्साहित किया और कई मजबूत चौकियों के सिलसिलों को कड़ी लड़ाई और अक्सर संगीनों की लड़ाई लड़ कर अपने कब्जे में किया।

इस पूरी कार्रवाई में, जो दस दिनों तक चली, कर्नल उदय सिंह ने शत्रु के मुकाबले में अपूर्व शौर्य, असाधारण नेतृत्व, धीरजपूर्ण साहस और ऊंचे दर्जे का सैनिक चातुर्य दिखलाया, जो भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

9. लेफ्टिनेंट कर्नल सवाई भवानी सिंह,
(आई० सी०–9015), पेराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5-6 दिसम्बर की रात को लेफ्टिनेंट कर्नल सवाई भवानी सिंह पेराशूट रेजिमेंट (कमांडोज) को एक बटालियन की कमान करते हुए अपने सैनिकों के साथ पाकिस्तान इलाके में काफी भीतर घुस गये और चार रात और दिन तक अपनी सुविधा और सुरक्षा की परवाह न करते हुये इन्होंने चाचरू और बीरवाह के इलाके में दुश्मन की चौकियों पर युक्तिशील व निर्मम हमला करने में अपने जवानों का नेतृत्व किया। इन्होंने दृढ़ निश्चय और उत्साह दिखाया और साहस और विश्वास के साथ दुर्गम इलाके से शत्रु के छोटे हथियारों की गोलाबारी का मुकाबला करने में अपने जवानों का मार्ग दर्शन किया। लेफ्टिनेंट कर्नल भवानी सिंह के प्रेरणादायक नेतृत्व और साहस के कारण शत्रु के इलाके का बहुत बड़ा हिस्सा हमारे कब्जे में आ गया और शत्रु डर गया और बौखला कर बहुत बड़ी संख्या में अपने सैनिकों और उपस्करों को छोड़कर पीछे भागने के लिए मजबूर हो गया।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेंट कर्नल सवाई भवानी सिंह ने व्यक्तिगत साहस, नेतृत्व की असाधारण योग्यता और भारतीय सेना की उच्चतम परम्परा के अनुसार कर्त्तव्यपरायणता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

10. लेफ्टिनेंट कर्नल चितूर वेनूगोपाल,
(आई सी-5096), गोरखा राइफल।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल चितूर वेनूगोपाल युद्ध में पूर्वी मोर्चे पर गोरखा राइफल की बटालियन की कमान कर रहे थे। 4 दिसम्बर, 1971 को बटालियन का मुकाबला उतराली और दरसाना में शत्रु के किलाबंद मोर्चे से हुआ। इस मोर्चे पर मजबूत पिल-बाक्सों की एक श्रृंखला थी और ये पिल बाक्स बड़ी-बड़ी यातायात खाइयों के जरिये एक दूसरे से जुड़े हुये थे। लेफ्टिनेन्ट कर्नल चितूर वेनूगोपाल ने बहुत ही फौजी दक्षता से हमले की योजना बनाई। अपनी हिफाजत की तनिक भी परवाह न करते हुये उन्होंने हमले का नेतृत्व और अपनी मौजूदगी से सैनिकों को बढ़ावा देकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इन दोनों मोर्चों पर कब्जा कर लेने के बाद इनकी बटालियन ने पीछे भागते हुए शत्रु का लगातार पीछा किया और तीन दिनों बाद जब तक झेनिडा पर कब्जा न कर लिया गया, उसे आराम करने या दलबन्दी करने का समय न दिया।

इस पूरी कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कर्नल चितूर वेनूगोपाल ने भारतीय सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट वीरता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11. लेफ्टिनेन्ट कर्नल हनूत सिंह,
(आई सी-6126), 17 हार्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल हनूत सिंह पश्चिमी मोर्चे पर "शकरगढ़" सैक्टर में 17 हार्स की कमान कर रहे थे। 16 दिसम्बर को उनकी रेजिमेन्ट को "बंसतर" नदी के पुल-पदाधार पर लगाया गया और इसने इन्फैन्ट्री से आगे का मोर्चा संभाल लिया। 16 और 17 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने भारी संख्या में बख्तर से कई हमले किए। दुश्मन की मीडियम आर्टिलरी और टैंकों की गोलाबारी से तनिक भी विचलित हुए बिना लेफ्टिनेन्ट कर्नल हनूत सिंह अपनी जान की जरा भी परवाह न करके जिस सैक्टर पर भी खतरा बढ़ा, वहां जा पहुंचे। उनकी उपस्थिति और शान्त चित साहस से उनके जवान भी मुस्तैदी से डटे रहे और उन्होंने अपनी बहादुरी के जौहर दिखाए।

इस पूरी संक्रिया में लेफ्टिनेन्ट कर्नल हनूत सिंह ने सैना उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट वीरता तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

12. लेफ्टिनेन्ट कर्नल हरिश्चन्द्र पाठक,
(आई० सी०-7114) सिख लाइट इन्फेन्ट्री।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल हरिश्चन्द्र पाठक सिख लाइट इन्फैन्ट्री बटालियन की कमान संभाले हुए थे। उनकी बटालियन को पश्चिमी मोर्चे पर शत्रु की चौकी "पाक फतेहपुर" पर कब्जा करने का कार्य सौंपा गया था। इस चौकी पर शत्रु ने पूरी मोर्चाबन्दी कर रखी थी और वहां शत्रु काफी बड़ी संख्या में मौजूद था। हमले के दौरान शत्रु हमारे हमला करने वाले सैन्यदलों पर तोपखाने से भारी और अचूक गोलाबारी कर रहा था जिसके कारण हमारे सैनिक भारी संख्या में हताहत हो रहे थे। लेफ्टिनेंट कर्नल पाठक ने अपनी निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए अनोखे साहस दिखाते हुए धावा बोल दिया और शत्रु से भयंकर लड़ाई के बाद लक्ष्य पर कब्जा कर लिया, लक्ष्य पर हमारा कब्जा होते ही, शत्रु ने अलग अलग दिशाओं से दो जवाबी हमले बोल दिये। शत्रु द्वारा भारी गोलाबारी और छोटे हथियारों से गोलियों के बावजूद लेफ्टिनेंट कर्नल पाठक एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचे मोर्चे पर डटे रहने और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाते हुए उसके हमले को विफल करने के लिए अपने जवानों की हिम्मत बढ़ाते रहे।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कर्नल हरिश्चन्द्र पाठक ने उत्कृष्ट वीरता और अनुकरणीय नेतृत्व और भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13. लेफ्टिनेंट कर्नल कश्मीरी लाल रतन,
(आई० सी० 7661), सिख रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल कश्मीरी लाल रतन जम्मू और कश्मीर सेक्टर के पुंछ इलाके में सिख रेजिमेंट की बटालियन की कमान सम्हाले हुए थे। उनकी बटालियन को एक स्थल पर जो इस सैक्टर में हमारे बचाव मोर्चों की कुंजी थी अधिकार बनाए रखने का कार्य सौंपा गया था। उन्होंने सैनिक कुशलता और दक्षता से मोर्चों को संगठित किया। 3 दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक शत्रु ने इस रक्षित क्षेत्र पर कई एक भयन्कर हमले किये। हर बार लेफ्टिनेन्ट रतन ने वहां स्थिति सम्हाली, जहां शत्रु की ओर से सब से ज्यादा खतरा पैदा हो गया था और भारी गोलाबारी और छोटे हथियारों की गोलियों की तनिक परवाह न करते हुए वे एक बंकर से दूसरे बंकर जाकर अपने जवानों का हौसला बढ़ाते रहे और शत्रु के हमलों को विफल करने और उसे भारी नुकसान पहुंचाने की प्रेरणा देते रहे।

पूरी कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कर्नल कश्मीरी लाल रतन ने उत्कृष्ट वीरता और अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय दिया।

14. लेफ्टिनेंट कर्नल कुलवन्त सिंह पन्नू,
(आई० सी० 6213), पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल कुलवन्त सिंह पन्नू पूर्वी मोर्चे पर पैराशूट रेजिमेंट की बटालियन की कमान कर रहे थे। 11 दिसम्बर 1971 को इनकी बटालियन तांगेल के पास हवाई छत्रियों से नीचे उतारी गई और उन्हें दुश्मन के पीछे हटने के भागों को काटने और तांगेल पर उसे जमा न रहने देने का काम सौंपा गया। ऐसा करने के लिए उन्हें पूंगली के एक महत्वपूर्ण पुल पर शत्रु के एक मोर्चे पर कब्जा करना था। बटालियन काफी फैले हुए इलाके में उतारी गई जिससे लेफ्टिनेन्ट कर्नल पन्नू को अपने प्लाटून इकट्ठा करने के लिए शत्रु के छोटे हथियारों की गोलियों की बौछार में एक ठिकाने से दूसरे ठिकाने पर जाना पड़ा। इनके शांतचित साहस और अपनी

जान की तनिक भी परवाह न करते हुए समय पर और होशियारी से आदेश देने के कारण ही इनकी बटालियन पूंगली पर शत्रु के मोर्चे पर कब्जा कर सकी। पूंगली के इस मोर्चे पर फिर से कब्जा पाने के लिए शत्रु ने भारी तादाद में कई बार जवाबी हमले किए, लेकिन हर बार इनके कुशल नेतृत्व में बटालियन ने हमलों को नाकामयाब कर दिया और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कर्नल कुलवंत सिंह पन्नू ने उत्कृष्ट वीरता उदाहरणीय नेतृत्व और दृढ़ संकल्प और सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. लेफ्टिनेंट कर्नल प्रेम कुमार खन्ना,
(आई० सी० 7380), सिख रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रेम कुमार खन्ना सिख रेजिमेन्ट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे और छम्भ सैक्टर के रक्षित खण्ड में मोर्चा संभाले हुए थे। छम्भ की लड़ाई में 3 और 6 दिसम्बर 1971 के बीच शत्रु की इन्फैन्ट्री और बख्तरबंद दस्तों ने भारी संख्या और पूरी शक्ति के साथ दिन रात लगातार हमले किए। लेफ्टिनेन्ट कर्नल खन्ना ने अपनी बटालियन का संचालन शांतचित रहकर बड़े साहस से किया। उन्होंने बड़ी सूझ बूझ से काम लिया और स्थिति को संभालने में अद्भुत आक्रमक जोश का परिचय दिया।

इस पूरी कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रेम कुमार खन्ना ने उत्कृष्ट वीरता और अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय दिया।

16. लेफ्टिनेंट कर्नल राजमोहन वोहरा,
(आई० सी०- 6121), 4 हार्स।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल राजमोहन वोहरा पश्चिमी मोर्चे के "शकरगढ़" सैक्टर में अपने सैनिकों की कमान कर रहे थे। इनकी रेजिमेन्ट अग्रसरण में सबसे आगे रही और उसने भेरोनाथ, ठाकुर-द्वारा, बाड़ीलागवाल, चमरोला, दरमान, चक्रा और देहलरा पर कब्जा कर लिया। इनमें से हर एक मोर्चे को टैंकों, मिसाइलों और सुरंग-क्षेत्रों से किलाबन्दी कर रखा था। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए लेफ्टिनेन्ट कर्नल वोहरा बहुत आगे बढ़ गए और अपनी रेजिमेन्ट का प्रेरणादायक नेतृत्व किया। "बसंतर" नदी की लड़ाई के दौरान इनकी रेजिमेन्ट, इनके व्यक्तिगत उदाहरण और साहस से प्रेरित होकर शत्रु के लगातार बख्तरबन्द हमलों के विरुद्ध डटी रही और शत्रु के 27 टैंक नष्ट कर दिये। इस कार्यवाही में इनके बहुत कम जवान हताहत हुए।

इस पूरी कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कर्नल राजमोहन वोहरा ने सेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल विशिष्ट शौर्य और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय दिया।

17. लेफ्टिनेंट कर्नल राजकुमार सिंह,
(आई० सी०-7113), पंजाब रेजिमेंट।

लेफ्टिनेंट कर्नल राजकुमार सिंह पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन की कमान में थे जिसे पूर्वी मोर्चे पर गरीबपुर-जगन्नाथपुर क्षेत्र में एक रक्षित मोर्चे पर कब्जा बनाए रखने का काम सौंपा गया ताकि शत्रु भारतीय क्षेत्र में न घुस पाए। उन्होंने बड़ी कुशलता और व्यवसायिक दक्षता के साथ अपनी बटालियन के मोर्चों की योजना तैयार की और उनका गठन किया। शत्रु ने बटालियन के रक्षित क्षेत्र पर दो इन्फैन्ट्री बटालियनों और टैंकों की एक स्क्वाड्रन से हमला किया। इस कड़ी रक्षात्मक लड़ाई में लेफ्टिनेंट कर्नल राज-कुमार सिंह ने अपने सैनिकों का बड़े साहस और आत्म विश्वास से निर्देशन किया। अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए वे एक कम्पनी इलाके से दूसरे कम्पनी इलाके में जाकर अपने छोटे कमांडरों और सैनिकों का हौसला बढ़ाते रहे। शत्रु ने जम कर तीन हमले किए, लेकिन तीनों ही भारी जानी नुकसान के साथ विफल बना दिये गए।

इस सारी कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कर्नल राजकुमार सिंह ने उत्कृष्ट साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और व्यवसायिक कुशलता का परिचय दिया।

18. लेफ्टिनेंट कर्नल रतननाथ शर्मा
(आई० सी०--5270), पंजाब रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि---10 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेंट कर्नल रतन नाथ शर्मा जम्मू-कश्मीर सैक्टर के पुंछ इलाके में पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। उनकी बटालियन को शत्रु की एक महत्वपूर्ण चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। यह एक सोचीसमझी चौकी थी जहां शत्रु भारी तादाद में था। प्रहार के दौरान, शत्रु ने तोपखाने और छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी की जिससे हमारे जवान भारी संख्या में हताहत हुए। निर्भयता से और अपनी जान की तनिक भी पर-वाह न करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा ने अपने जवानों को उत्साहित किया और बराबर उनके बीच रह कर शांत चित साहस से उन्हें लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

इस कार्यवाही के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल रतननाथ शर्मा ने अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

19. लेफ्टिनेंट कर्नल सुरिन्द्र कपूर
(आई०सी० 7684), जम्मू और कश्मीर राइफल्स

लेफ्टिनेंट कर्नल सुरिन्द्र कपूर, पूर्वी मोर्चे पर, जम्मू कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। इनकी बटालियन को "जेसोर सैक्टर" में शत्रु के हमले की तेजी को कम करने और उसे ज्यादा से ज्यादा जानी नुकसान पहुंचाने के लिए रक्षात्मक मोर्चा संभालने का काम सौंपा गया था। शत्रु के तोपखाने और छोटे हथि-यारों से गोलाबारी होने पर भी लेफ्टिनेंट कर्नल कपूर ने अपनी बटालियन को नियोजित करने में उच्च-सैनिक कुशलता और नेतृत्व का परिचय दिया। उनकी बटालियन पर शत्रु ने भारी तादाद में तीन दिन में पांच बार हमला किया। शत्रु के हर हमले के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल कपूर ने अपनी जान की परवाह न करते हुए एक इलाके से दूसरे इलाके में जाकर अपने जवानों को डटे रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इनकी मौजूदगी और शामन्वित साहस से प्रेरित होकर इनकी बटालियन ने शत्रु के सभी हमलों को पीछे धकेल दिया और उसे भारी जानी नुकसान पहुंचाया।

इस पूरे समय में लेफ्टिनेंट कर्नल सुरिन्द्र कपूर ने अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

20. लेफ्टिनेंट कर्नल सुखजीत सिंह,

(आई० सी०-6704), सिन्धहार्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

हाल ही में पाकिस्तान से हुई लड़ाई में लेफ्टिनेंट कर्नल सुखजीत सिंह पश्चिमी मोर्चे पर एक आमर्ड रेजिमेंट की कमान कर रहे थे। 10 दिसम्बर 1971 को जब उनकी रेजिमेंट नैना-कोर्ट के पश्चिमी भाग पर तैनात थी, शत्रु ने मीडियम आर्टिलरी और भारी मार्टर के तेज गोलाबारी की आड़ में बड़ी तादाद में टैंकों से हमला किया। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल सुखजीत सिंह ने अपना टैंक उस जगह खड़ा कर लिया जहां सबसे ज्यादा खतरा था और अदम्य साहस और कुशलता से अपने टैंकों से गोलाबारी करवाते रहे। यद्यपि शत्रु भारी गोलाबारी और टैंकों से गोलाबारी कर रहा था फिर भी उन्होंने अपने टैंक की बुर्जी खोल दी ताकि वे देख कर अपने टैंकों से कारगर गोलाबारी करवा सकें। उनकी मौजूदगी और उनके प्रेरणादायक नेतृत्व ने अपने जवानों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाते हुए शत्रु के हमले को विफल कर दिया। 11 दिसम्बर 1971 को लेफ्टिनेंट कर्नल सुखजीत सिंह ने बाजू से होकर आगे बढ़ने वाली फौज की कमान खुद संभाली और शत्रु के टैंकों को घेरने की कोशिश की। नतीजा यह हुआ कि शत्रु की मीडियम आर्टिलरी और मार्टर ने उनकी फौज पर भारी फायर डालना शुरू कर दिया। यही नहीं शत्रु के टैंक अच्छी तरह तैयार मोर्चों से फायर डालने लगे। जरा भी विचलित हुए बिना वे शत्रु के और नजदीक पहुँचे और उसके 8 टैंकों को तबाह कर दिया और एक अफसर, दो जूनियर कमीशंड अफसरों और दो दूसरे जवानों को पकड़ लिया।

इस पूरी कार्यवाही में शत्रु का सामना करने में लेफ्टिनेंट कर्नल सुखजीत सिंह ने जिस अनुकरणीय नेतृत्व, अद्वितीय साहस, और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया वह भारतीय सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल है।

21. लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश ऐरी,
(आई० सी०-7750), ग्रेनेडियर्स।

लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश ऐरी पश्चिमी मोर्चे के "शाकरगढ़" क्षेत्र में भैरो नाथ और बसन्तार नदी की लड़ाइयों में ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। उन्होंने अडिग उत्साह से बटालियन का नेतृत्व किया और हमेशा आगे-आगे रहकर अपने जवानों को उत्साहित और प्रेरित किया। बसन्तार नदी की लड़ाई में, उनके योग्य नेतृत्व में, उनकी बटालियन ने न केवल घमासान लड़ाई लड़कर शत्रु के ठिकानों पर अधिकार किया, बल्कि शत्रु द्वारा जबर्दस्त जवाबी हमलों के बावजूद वह वहां पर डटी रही। लेफ्टिनेंट कर्नल ऐरी ने अपनी जान की तनिक भी परवाह न की और शत्रु की तोपों और छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी के बीच एक-एक खाई में जाकर अपने जवानों का हौसला बढ़ाया। उनके व्यक्तिगत उदाहरण और साहसपूर्ण नेतृत्व के कारण, उनकी बटालियन दृढ़ता से डटी रही।

इस पूरी कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश ऐरी ने, थलसेना की श्रेष्ठ परम्पराओं के अनुरूप, उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ संकल्प और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय दिया।

22. लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश घई,

(आई० सी०-7119), मद्रास रेजिमेंट **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1791)

लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश घई, पश्चिमी मोर्चे पर शकरगढ़ क्षेत्र में, मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। बसन्तार नदी की लड़ाई के दौरान, शत्रु के भारी विरोध के बावजूद जब इनकी बटालियन ने नदी और सुरंग की रुकावटों को पार करके पुलपदाधार पर कब्जा कर लिया तब शत्रु ने इन पर भयंकर जवाबी हमला किया। शत्रु ने उस रात कई बार हमले किए लेकिन लेफ्टिनेंट कर्नल घई ने अपने जवानों को इकट्ठा करके उन हमलों को विफल कर दिया। पौ फटते ही शत्रु ने टैंकों की सहायता से एक बार जवाबी हमला किया। रात में शत्रु की लगातार भारी गोलाबारी के कारण इनकी बटालियन पूरी तरह पुनर्गठित नहीं हो सकी थी, लेकिन जैसे ही शत्रु के हमले की दिशा स्पष्ट हो गई लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश घई अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करके उस इलाके में चले गए जिसमें उनकी कम्पनी मौजूद थी। वे निर्भय होकर अपने जवानों को निर्देशित और उत्साहित करते हुए एक मोर्चे से दूसरे मोर्चे में गये। इनकी मौजूदगी, वीरता और नेतृत्व से प्रेरणा लेकर इनकी बटालियन ने टैंकों की सहायता से शत्रु को भारी नुकसान पहुँचाते हुए उसके जवाबी हमलों को पीछे धकेल दिया। स्थिति को मजबूत बना कर जब लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश घई अपने मुख्यालय वापिस लौट रहे थे उस समय शत्रु के गोले से वे बुरी तरह जख्मी हो गये, लेकिन फिर भी वे युद्ध का संचालन करते रहे। उन्होंने इस समय न अपनी चिकित्सा की ओर ध्यान दिया और न ही अपनी सुरक्षा की परवाह की। परिणाम यह हुआ कि घावों की वजह से युद्ध के मैदान में ही इन्होंने वीरगति प्राप्त की।

इस कार्यवाही में, लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश घई ने सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल विशिष्ट शौर्य दिखाया और कर्तव्य की पूर्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया ।

23. मेजर अमरजीत सिंह बल,

(आई० सी०-13377), 17 हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

मेजर अमरजीत सिंह बल, पश्चिमी मोर्चे के "शकरगढ़" सेक्टर में "बसन्तार" नदी की लड़ाइयों के दौरान 17 हार्स के "बी" स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। 15 और 16 दिसम्बर 1971 को शत्रु ने "जारपाल" पर कई बार बख्तरबन्द जवाबी हमले किए। हालांकि शत्रु बड़ी भारी संख्या में था, फिर भी मेजर अमरजीत सिंह बल ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय और आक्रामक जोश का परिचय दिया और इनकी निजी मिसाल से उनके जवानों को डटे रहने की प्रेरणा मिली। उन्होंने बहादुरी से शत्रु के सभी हमलों को पीछे धकेल दिया जिससे वह भारी संख्या में हताहत हुआ।

इस पूरी कार्यवाही में, मेजर अमरजीत सिंह बल ने सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट वीरता, विशिष्ट नेतृत्व और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

24. मेजर अनूप सिंह गहलोट,

आई० सी -13798), डोगरा रेजिमेंट । **(मरणोपरान्त)**

पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

मेजर अनूप सिंह गहलोट को पूर्वी मोर्चे के लवसम क्षेत्र में शत्रु के इलाके में दूर तक घुस कर सड़क पर रुकावट खड़ी करने का कार्य सौंपा गया। वे अपनी कंपनी के साथ शत्रु की रक्षा पंक्तियों में घुसपेठ कर गये, उन्होंने सड़क पर रुकावट खड़ी की और जब शत्रु ने उन्हें रुकावट से हटाने का प्रयत्न किया तो शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुँचाया गया। इसके बाद जब उनकी बटालियन की एक कंपनी पर शत्रु ने भारी दबाव डालना शुरू किया तो मेजर गहलोट ने उस कंपनी की मदद पर जाने के लिए अपनी सेवायें अर्पित कीं। इस कार्य में उन्होंने एक प्लाटून का नेतृत्व किया और छोटे हथियारों की प्रभावी गोलाबारी द्वारा शत्रु की एक कंपनी को सफलतापूर्वक उसी स्थान पर दबाए रखा। परन्तु उनके मोर्चे पर शत्रु ने दूसरी दिशा से हमला किया। भारी संख्या में शत्रु का हमला होने पर भी उन्होंने अपने सैनिकों को ढाढ़स बन्धा कर मुकाबला किया और शत्रु के हमले को विफल कर दिया। शत्रु से आमने-सामने की लड़ाई में घातक रूप से घायल होने के कारण इस शूरतापूर्ण मुठभेड़ के थोड़ी देर बाद वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस पूरी कार्यवाही में मेजर अनूप सिंह गहलोट ने विशिष्ट साहस और अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय दिया।

25. मेजर वासदेव सिंह मनकोटिया,

(आई० सी०-14221), पंजाब रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

मेजर वासदेव सिंह मनकोटिया, पश्चिमी मोर्चे के राणियां क्षेत्र में गुप्त पर्यवेक्षण स्थान पर जमे हुए नियमित पैदल सेना और सीमा सुरक्षा दल के मिले जुले समूह की कमान कर रहे थे। 3 दिसम्बर और 5 दिसम्बर, 1971 के बीच शत्रु ने इस ठिकाने पर बड़ी संख्या में सात बार हमला किया। लेकिन शत्रु को सातों बार पीछे धकेल कर भारी जानी नुकसान पहुँचाया गया। जब पर्यवेक्षण स्थान के एक हिस्से पर शत्रु ने कब्जा कर लिया तब इन्होंने उस पर जवाबी हमला करके अपनी जमीन वापस छीन ली। हालांकि 3 दिसम्बर 1971 को इनका कंधा बुरी तरह जख्मी हो गया था फिर भी इन्होंने गुप्त पर्यवेक्षण स्थान पर जमे रहने के महत्व को समझते हुए वहां से हटने से इन्कार कर दिया। इस तरह अपनी जान की परवाह न करते हुए व्यक्तिगत साहस का उदाहरण प्रस्तुत करके, अपने अधीनस्थ सैनिकों में इतना जोश पैदा किया कि वे सराहनीय शूरवीरतापूर्ण अनेक कार्य कर सके।

इस पूरी कार्यवाही में, मेजर वासदेव सिंह मनकोटिया ने विशिष्ट शूरवीरता, अनुकरणीय नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

26. मेजर दलजीत सिंह नारंग,

(आई० सी०-8140), केवलरी । **(मरणोपरान्त)**

मेजर दलजीत सिंह नारंग केवलरी की एक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे जो इन्फैन्ट्री बटालियन के साथ थी। उन्हें शत्रु को जो पूर्वी मोर्चे पर भारतीय क्षेत्र में बढ़ रहा था, रोकने का काम सौंपा गया। जब शत्रु को दो बटालियनों ने, जिसमें शेफी टैंकों का एक स्क्वाड्रन भी था, हमला किया तो उन्होंने बहुत ही सूझबूझ और बहादुरी से शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद युद्ध की चालें चलीं और शत्रु के टैंकों पर गोलाबारी करके उन्हें तबाह कर दिया। अपने प्राणों की तनिक भी परवाह न करते हुए और शत्रु की गोलाबारी से जरा भी विचलित हुए बिना वे टैंक की टरेंट पर खड़े होकर अपनी स्क्वाड्रन से गोलाबारी करवाते रहे। जब उनके स्क्वाड्रन का एकटैंक नष्ट हो गया तो वे तुरन्त अपनी जान जोखिम में डाल, उस टैंक तक गए और उसके चालक को निकाल लाकर फिर वे अपने टैंक पर आ गए और अपने स्क्वाड्रन को कारगर ढंग से निर्देश देने लगे। उनके साहस और निर्भयता ने इतना जोश पैदा किया कि उनकी कमान ने शत्रु के शैफी टैंकों के स्क्वाड्रन को कामयाबी से तबाह कर दिया और शत्रु का आगे बढ़ना रोक दिया। मेजर नारंग स्क्वाड्रन का नेतृत्व करते हुए मशीनगन की गोलाबारी का शिकार हुए और टैंक के ऊपर ही खड़े खड़े वीरगति को प्राप्त हुए।

इस पूरी कार्यवाही में मेजर दलजीत सिंह नारंग ने असाधारण नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उनकी उत्कृष्ट वीरता, कर्तव्यपरायणता और सर्वोच्च बलिदान देना भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

27. मेजर धर्मवीर सिंह,

(आई० सी०-14123), ग्रेनेडियर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1971)

ग्रेनेडियर्स की बटालियन को पश्चिमी मोर्चे पर चक्रा में स्थित शत्रु की चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। अच्छी तरह तैयार की गई इस चौकी पर शत्रु काफी संख्या में थे और बचाव के इस चौकी के चारों तरफ 800 मीटर की गहराई तक तार की रुकावटें और सुरंगें लगी हुई थीं। हमले के दौरान शत्रु ने अपनी आर्टिलरी और छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी की जिससे हमला करने वाली हमारी फौज के कई जवान हताहत हुए। मेजर धर्मवीर सिंह ने जो बाईं ओर स्थित अगली कम्पनी की कमान कर रहे थे, शत्रु की गोलाबारी और अपनी कम्पनी की शक्ति क्षीण होने पर भी अपनी कम्पनी को सुरंग क्षेत्र के बीच से गुजारा। स्वयं आगे रह कर और अनुकरणीय साहस से अपने जवानों में उन्होंने इतना जोश भरा कि वे लक्ष्य पर झपटे और घमासान मुठभेड़ के बाद उन्होंने स्थान पर कब्जा कर लिया। 11 दिसम्बर 1971 को शत्रु ने इस स्थान पर आर्टिलरी से भारी गोलाबारी की और बड़ी तादाद से जवाबी हमला किया। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए मेजर धर्मवीर सिंह एक खाई से दूसरी खाई में जाकर अपने जवानों का हौसला बढ़ाते रहे और उन्हें अपनी जगह पर डटे रहने की प्रेरणा देते रहे। फलस्वरूप शत्रु का हमला नाकामयाब हुआ और उसे भारी जानी नुकसान पहुँचा। इससे पहले भी 5 दिसम्बर 1971 को मेजर धर्मवीर सिंह ने धीरज, विश्वास और साहस से चमन खुर्द में शत्रु की एक किलाबन्द चौकी पर कामयाबी से हमारे हमले का नेतृत्व किया।

इस पूरी कार्यवाही में मेजर धर्मवीर सिंह ने विशिष्ट वीरता, असाधारण नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठ का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

28. मेजर जयवीर सिंह,
(आई० सी०-14509), सिख रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि–3 दिसम्बर, 1971)

मेजर जयवीर सिंह सिख रेजिमेंट बटालियन की राइफल कम्पनी की कमान कर रहे थे और पश्चिमी मोर्चे पर छम्ब सैक्टर फागला टेकरी पर बटालियन रक्षित खंड में मोर्चा संभाले हुए थे। 3 और 4 दिसम्बर 1971 की रात को शत्रु ने भारी और सुसमन्वित आर्टिलरी गोलाबारी के साथ बटालियन से तीन हमले किए। सराहनीय साहस, और दृढ़ संकल्प दिखाते हुए यह अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए एक रक्षित इलाके से दूसरे में जाकर जोश दिलाते रहे और शत्रु को मार भगाने के लिए बढ़ावा देते रहे। 4 दिसम्बर, 1971 को इनकी कम्पनी के इलाके पर शत्रु का दबाव बुरी तरह बढ़ गया। शत्रु ने टैंक और आर्टिलरी के साथ बार-बार हमले किए परन्तु मेजर जयवीर सिंह के प्रेरणादायक नेतृत्व में उनकी कम्पनी मोर्चे पर डटी रही और भारी जानी नुकसान पहुँचा कर शत्रु को पीछे धकेल दिया। 4 दिसम्बर 1971 की रात को शत्रु ने फिर एक बटालियन से हमला किया और रक्षित मोर्चे में घुस आया। मेजर जयवीर सिंह ने तुरन्त ही जवाबी हमला किया और मुठभेड़ की लड़ाई लड़कर शत्रु को पीछे धकेल दिया। शत्रु अपने 12 सैनिकों को मृत अवस्था में छोड़ पीछे हट गया। 5 दिसम्बर 1971 को जब शत्रु का दूसरा हमला हुआ तो उनकी कम्पनी के बहुत से सैनिकों के हताहत होने के बावजूद बिना विचलित हुए उन्होंने उसका जमकर मुकाबला किया। इस पूरी लड़ाई के दौरान उन्होंने अपनी कमान ही लगातार न बनाए रखी वरन् पड़ोस की एक चौकी पर भी पुनः कब्जा किया जिस पर पहले शत्रु ने कब्जा कर लिया था।

मेजर जयवीर सिंह ने जो अनुकरणीय वीरता, दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता दिखाई वह भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल थी।

29. मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी,
(आई० सी०-18067), पंजाब रेजिमेंट।

पुरस्कार की प्रभावी तिथि –11 दिसम्बर, 1971

मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे और राजस्थान क्षेत्र के लोंगवाला का एक रक्षित इलाका संभाले हुए थे। 5 दिसम्बर के तड़के सुबह शत्रु ने इस क्षेत्र पर पैदल सेना और टैंकों से भारी हमला किया। मेजर चांदपुरी ने अपने सैनिकों का जोर दार नेतृत्व किया और कमान पूरी तरह संभाले रख कर वहीं डटे रहे। असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प दिखाते हुए वह अपने जवानों को जोश दिलाने के लिए बंकर-बंकर जाते रहे और उस वक्त शत्रु को मार भगाने का जोश दिलाते रहे जब तक कि कुमुक न आ गई। बचाव की इस वीरतापूर्ण कार्यवाही में उन्होंने शत्रु को भारी नुकसान पहुँचाया और उन्हें अपने 12 टैंक छोड़ कर पीछे हटने को मजबूर किया।

इस कार्यवाही में मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी ने विशिष्ट शूरवीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

30. मेजर विजर रतन चौधरी,
(आई० सी०-11004), इंजीनियर रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि–5 दिसम्बर ,1971)

मेजर विजय रतन चौधरी, पश्चिमी मोर्चे पर "चक्का" में सुरंग क्षेत्रों की सफाई करनेवाले दल के इंचार्ज थे। चक्का में शत्रु के टैंकों के तुरन्त जवाबी हमले का बड़ा खतरा था। इसलिए सुरंग क्षेत्र में तेजी से सुरक्षित गलियारे बनाना बड़ा जरूरी था, जिनसे होकर हमारे टैंक और टैंकमार हथियार चक्का पहुँच सकें। मेजर चौधरी ने अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए खुद मौजूद रह कर कार्यवाही की निगरानी की और अपने जवानों को पूरी तेजी से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान में शत्रुअपने तोपखाने, मोर्टर और स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी करता रहा, लेकिन मेजर चौधरी वहां चौबीसों घंटे तब तक काम करते रहे जब तक गलियारे साफ नहीं हो गये और टैंक और टैंक-मार हथियार "चक्का" न पहुँच गए। 5 दिसम्बर के बाद आगे बढ़ने के दौरान मेजर चौधरी ने अनुकरणीय कर्तव्यपरायणता दिखाई और "ठाकुर द्वारा", "लोहरा" और "बसन्तार नदी" के क्षेत्र में 1000-1500 गज गहरे सुरंग क्षेत्रों में से सुरंगें साफ की। "बसन्तार नदी" के पास सुरंग क्षेत्र में गलियारे बनाने के काम की निगरानी करते समय यह बहादुर अधिकारी शत्रु के तोपखाने की गोलाबारी का शिकार हुए।

मेजर चौधरी की कर्त्तव्यपरायणता, असाधारण वीरता, प्रेरणादायक नेतृत्व और महान बलिदान भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

31. कैप्टेन देविन्द्र सिंह अहलावत,
(आई०सी०-19161), डोगरा रेजिमेंट (मरणोपरान्त)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 और 6 दिसम्बर, 1971 की रात को "डेरा बाबा नानक" पुल पदाधार पर अधिकार करने के लिए किए गए आक्रमण के दौरान कैप्टेन देविन्द्र सिंह अहलावत डोगरा रेजिमेंट की बटालियन की एक कम्पनी का नेतृत्व कर रहे थे। उनकी बटालियन को पुल के पूर्वी सिरे पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया था। इस स्थान पर कंकरीट-बांध पर कई जगह टैंक-भेदी और भारी तथा हल्की स्वचालित तोपों के साथ शत्रु की रक्षात्मक फौजों का जमाव था। कैप्टेन अहलावत द्वारा संचालित कम्पनी को कंकरीट पिल-बाक्स से हो रही भारी मीडियम मशीन गन की गोलाबारी का सामना करना पड़ा। अपने जीवन की बिल्कुल परवाह न करते हुए कैप्टेन अहलावत ने पिल-बाक्स पर आक्रमण कर दिया और मशीन गन के करम बैरल पर दायें हाथ से झपट पड़े तथा पिल-बाक्स के अन्दर एक हथगोला फेंक कर तोप को शान्त कर दिया। इस प्रकार उन्होंने आक्रमण की गति जारी रखी और लक्ष्य पर हावी हो गये। इस कार्यवाही में कैप्टेन अहलावत ने वीरगति पाई। उनकी लाश पर 6 गोलियों के घाव पाए गए और अन्त समय में वे मशीन गन की बैरल को मुट्ठी में पकड़े हुए थे।

इस संक्रिया में कैप्टेन देविन्द्र सिंह अहलावत ने स्थल सेना की उच्च परम्पराओं के अनुकूल विशेष वीरता, उत्कृष्ट नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

32. कैप्टेन प्रदीप कुमार गौड़,
(आई०सी०-16177),
आर्टिलरी। **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 दिसम्बर 1971)

कैप्टेन प्रदीप कुमार गौड़, पश्चिमी मोर्चे पर तैनात हवाई प्रेक्षण चौकी स्क्वाड्रन में हवाई प्रेक्षण चौकी पाइलट थे। ये पूरी कार्यवाही के दौरान शत्रु के छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी और तोपखाने के हवाई विस्फोट-गोलाबारी के बावजूद उस के इलाकों में दूर तक जाकर चौबीसों घंटे उड़ते रहे। उन्होंने अपनी जान की तनिक परवाह न करके तोपखाने की गोलाबारी का निर्देशन करते हुए शत्रु के बारे में आवश्यक खबरें हासिल कीं। 14 दिसम्बर, 1971 को कैप्टेन प्रदीप कुमार गौड़ को शत्रु के प्रदेश में दूर तक उस के लक्ष्यों का पता लगाने और पहचानने का काम सौंपा गया। यह एक महत्वपूर्ण प्रयास था और हमारे सैन्यदलों के होने वाले हमलों की सफलता बहुत कुछ इस पर निर्भर करती थी। इस प्रयास के दौरान कैप्टेन गौड़ ने उस क्षेत्र में शत्रु के तीन सैबर जेट हवाई जहाजों को उड़ते हुए देखा। उन्हें देख कर अड्डे पर लौटने और खतरे से बचने के बजाए इन्होंने अपने प्रयास के महत्व को समझते हुए उड़ान जारी रखी।

इस बहादुर अधिकारी ने सैबर जेटों की गोलाबारी से बचकर अपना काम पूरा किया लेकिन अंत में शत्रु के सैबर जेटों ने हमला करके उनके जहाज को गिरा दिया।

इस कार्यवाही में कैप्टेन प्रदीप कुमार गौड़ ने उत्कृष्ट वीरता, असाधारण कर्त्तव्यपरायणता दिखाते हुए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

33. कैप्टेन शंकर शंखपण वाल्कर,
(आई सी०-23473), मद्रास रेजिमेंट **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16, दिसम्बर 1971

कैप्टेन शंकर शंखपण वाल्कर पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं के दौरान मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के मार्टर अफसर थे। 16 दिसम्बर 1971 को जब उनकी बटालियन 42 मील आगे चलकर हिंगूरी तार पहुँची तो शत्रु ने अपने ठिकानों से इस पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी। अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए कैप्टेन वाल्कर हर राइफल कम्पनी के ठिकानों पर रक्षात्मक फायर-कार्य को मजबूत करने के लिए गए। ऐसा करते समय उन्हों दो बार किर्चें लगीं और वे घायल हो गये परन्तु फिर भी उन्होंने वहां से हटने से इन्कार कर दिया और उत्कृष्ट वीरता और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए अपना कार्य करते रहे। सारी रात शत्रु भारी गोलाबारी करता रहा और अगली सुबह जल्दी ही शत्रु ने दो कम्पनी ठिकानों पर हमला बोल दिया। घायल होते हुए भी कैप्टेन शंकर शंखपण वाल्कर अपने काम में जुटे रहे और शत्रु पर एक दम सही मार्टर फायर डालते रहे और उसे भारी जानी नुकसान पहुँचाया। बाद के हमले के दौरान कैप्टेन शंकर शंखपण वाल्कर ने अपने सैनिकों को डटे रहने की प्रेरणा दी, उन्होंने स्वयं शत्रु के कम से कम 4 सैनिकों को मारा और शत्रु को पीछ हटने पर मजबूर कर दिया। लेकिन इस कार्यवाही में वे बुरी तरह घायल हो गए। अंतिम राउण्ड फायर करने के बाद भारी घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस सारी कार्यवाही में कैप्टेन शंकर शंखपण वाल्कर ने विशिष्ट शूरवीरता, प्रेरणादायक नेतृत्व और अनुकरणीय कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया। वे अंतिम क्षण तक बहादुरी से लड़ते रहे।

34. सैकिन्ड लेफ्टिनेंट शमशेर सिंह सामरा,
(एस०एस०-22826), गार्डस **(मरणोपरान्त)**

सैकिन्ड लैफ्टिनेंट शमशेर सिंह सामरा ब्रिगेड आफ दी गार्डस की बटालियन के प्लाटून कमांडर थे। इनकी बटालियन पूर्वी मोर्चे पर हमारी रक्षात्मक कार्यवाही के तौर पर लगी हुई थी। कार्यवाही के दौरान शत्रु ने अपने स्वचालित (आटोमैटिक) हथियारों से हमारे जवानों पर बड़ी मात्रा में दुरुस्ती से गोलाबारी की। भारी गोलाबारी के बावजूद सैकिन्ड लैफ्टिनेंट शमशेर सिंह सामरा ने अपने जवानों को और भी जोर से हमला करने का बढ़ावा दिया। ठिकाने से लगभग 25 गज की दूरी पर पहुँचते ही मीडियम मशीनगन की गोलियों की बौछार इनकी छाती में लगी। फिर भी बिना घबराए उन्होंने हमला किया और ग्रेनेड फैंक कर मीडियम मशीनगन के बंकर को तबाह कर दिया। इस के बाद वे दूसरे बंकर की तरफ तेजी से बढ़ने लगे। इसी बीच उन्हें गोलियों की दूसरी बौछार आ लगी जिसकी वजह से हाथ में ग्रेनेड पकड़े-पकड़े उनकी मृत्यु हो गई। उनके इस साहसपूर्ण कृत्य ने उनकी कमान को प्रेरणा दी और उन्होंने अन्त में अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस कार्यवाही में सैकिन्ड लफ्टिनेंट शमशेर सिंह सामरा ने उत्कृष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए महान वलिदान किया।

35. जे० सी० 39248 सूबेदार मलकीयत सिंह,
पंजाब रेजिमेंट। **(मरणोपरान्त)**

जे० सी० 39248 सूबेदार मलकीयत सिंह पंजाब रेजीमेंट की बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। यह प्लाटून पूर्वी मोर्चे पर एक महत्वपूर्ण सुरक्षित इलाके पर अपना कब्जा बनाए हुए थी। इनके ठिकानों पर शत्रु की इन्फेन्ट्री और टैंकों ने मिल कर बड़ी दाताद में हमला किया। सूबेदार मलकीयत सिंह एक खाई से दूसरी खाई में जाकर अपने जवानों का हौसला बढ़ाते रहे। इसी बीच शत्रु 50 गज की दूरी पर रह गया और आड़ वाले ठिकानों से उसने इनके ठिकानों पर लाइट मशीनगनों से कारगर गोलाबारी करना और ग्रेनेड फेंकना शुरू किया। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए यह शत्रु पर वार करने के लिए रेंगते हुए आगे बढ़े और जख्मी होने पर भी उन्होंने शत्रु के दो मशीनगनरों को मार डाला। लेकिन तभी शत्रु के टैंक का एक गोला लगा जिसकी वजह से इनकी मृत्यु हो गई।

इस पूरी कार्यवाही में सूबेदार मलकीयत सिंह ने उत्कृष्ट वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

36. जे० सी०-33029 सूबेदार मोहिन्दर सिंह,
पंजाब रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

कारगिल क्षेत्र में शुत्र की एक अच्छी तरह मोर्चाबन्दी चौकी पर, हमले में सूबेदार मोहिन्दर सिंह, पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे।

शत्रु की इस चौकी को मीडियम मशीनगन से मदद मिल रही थी। शत्रु की मीडियम मशीनगनें भारी कारगर गोलाबारी कर रही थीं। जिसकी वजह से हमारा आगे बढ़ना रुक गया। निजी उदाहरण के द्वारा इन्होंने अपने सैनिकों को हमले की गति बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया। अपनी जान की जरा भी परवाह किये बिना वे आगे की तरफ तेजी से झपटे, शत्रु की मीडियम मशीनगन का एक बंकर तबाह किया और करीब से लड़ते हुए शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया। अपनी निजी मिसाल और बहादुरी से अपने सैनिकों में इतना जोश पैदा किया कि हमला कामयाब हुआ। पूरी कार्यवाही में सूबेदार मोहिन्दर सिंह ने उत्कृष्ट वीरता और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय दिया।

37. 5032571 हवलदार बीर बहादुर पुन,
गोरखा राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

पहली गोरखा राइफल्स को पूर्वी मोर्चे पर, दरसाना में शत्रु के ठिकानों पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। शत्रु, ऐसे ठिकानों पर जमा हुआ था जिस की अच्छी तरह मोर्चाबन्दी कर ली गई और जिसे मशीनगन लगाकर और मजबूत कर लिया था तथा उसके चारों ओर लम्बा-चौड़ा सुरंग क्षेत्र था। हवलदार बीर बहादुर पुन उस कम्पनी में थे जिसे दरसाना के पूर्व में चांदपुर ग्राम को हथियाने का काम सौंपा गया था। 4 दिसम्बर, 1971 को जब प्रहार सैन्यदल अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा था। उस समय शत्रु ने अपने पूरे अनुभाग से तोपखाने और छोटे हथियारों से फायर डालकर हमारे सैन्यदलों को जवानों को भारी संख्या में हताहत किया। हवलदार बीर बहादुर पुन अपनी प्लाटून से आग बढ़े और जवानो को लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए बढ़ावा देने लगे। शत्रु की भारी मशीनगन चौकी को देखते ही, जिसकी गोलाबारी से हमारे बहुत सारे जवान हताहत हुए थे, वे एक नाले में से होकर उसकी ओर लपके, शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच 100 गज तक रेंगकर आगे बढ़े और बंकर के पास पहुंच कर उसमें दो हथगोले फैंककर चौकी को खामोश कर दिया। इस कार्य से उनके जवानों को इतनी अधिक प्रेरणा और स्फूर्ति मिली कि उन्होंने मिनटों में लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में हवलदार बीर बहादुर पुन नें सैना की उच्चस्तम परम्पराओं के अनुरूप शत्रु के सामने अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए उत्कृष्ट वीरता और अद्वितीय कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

38. 2550166 हवलदार थामस फिलिपोस,
मद्रास रेजिमेन्ट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

हवलदार थामस फिलिपोस 15/16 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को बसन्तार के युद्ध के दौरान मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन में प्लाटून हवलदार थे। हमले के दौरान जब इनके प्लाटून कमांडर गोली से घायल हो गये और आगे न बढ़ सके, तब हवलदार थोमस फलिपोस ने प्लाटून की कमान संभाली। प्लाटून में इतनी भारी संख्या में जवान हताहत हुए कि लक्ष्य पर कब्जा करने के बाद कम्पनी की तादाद काफी कम हो चुकी थी। ऐन उसी समय, शत्रु की इन्फेन्ट्री ने उन पर जवाबी हमला किया। प्लाटून की कम संख्या की परवाह न करते हुए हवलदार थामस फिलिपोस ने विशिष्ट शौर्य, कर्त्तव्य परायणता और सर्वोच्च नेतृत्व का परिचय दिया। इन्होंने बड़ी बहादुरी से अपने थोड़े से जवानों के साथ संगीनों से धावा बोल दिया। इन्होंने अपनी इस छोटी सी सैन्यदल को प्रोत्साहित और प्रेरित किया। गोली से गहरा घाव लगने के बावजूद इन्होंने शत्रु पर इतना जोरदार धावा किया कि वह हतोत्साहित होकर भाग खड़ा हुआ।

इस पूरी कार्यवाही में हवलदार थामस फिलिपोस ने प्रतिकूल परिस्थितियों में दृढ़ नेतृत्व का परिचय दिया और सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट वीरता और कर्त्तव्यपरायणता का आदर्श प्रस्तुत किया।

39. 2960050 लांस नायक ब्रिग पाल सिंह,
राजपूत रैजिमेंट **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर, 1971)

पश्चिमी मोर्चे पर शत्रु की एक चौकी पर हमले के दौरान लांस नायक ब्रिग पाल सिंह राजपूत रैजिमेंट की बटालियन के एक सेक्शन की कमान कर रहे थे। बटालियन द्वारा चौकी पर कब्जा कर लेने के बाद भी पिल-बक्सों में लगी शत्रु की दो मीडियम मशीनगनें हमारी पुनर्गठन की कार्यवाही में अड़चन डाल रही थीं और हमारे सैनिकों को जानी नुकसान पहुंचा रही थीं। लांस नायक ब्रिग पाल सिंह ने महसूस किया कि इन गनों को खामोश करना जरूरी है। उन्होंने दो और जवानों को अपने साथ लिया और अपनी जान और पुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए वे पहले बंकर तक 200 गज रेंग कर गये और उन्होंने बंकर में एक ग्रेनेड फेंक कर एक मीडियम मशीनगन को खामोश कर दिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे बंकर की तरफ रेंगना शुरू किया, लेकिन इस दौरान मशीनगन से गोलियों की एक बौछार उनके बायें कंधे पर लगी। बेहद खून बहने के बावजूद वे दूसरे बंकर के 6 फुट के फासले तक रेंग कर पहुंच गये थे और ग्रेनेड भीतर फेंकने वाले ही थे कि अचानक स्वचालित हथियार से गोलियों की दूसरी बौछार उन की छाती पर लगी जिससे उनकी वही मृत्यु हो गयी। लेकिन उनके बहादुरी के इस कारनामे से शत्रु घबरा गया और वह मशीनगन तथा भारी मात्रा में गोलाबारूद छोड़ कर उस बंकर से भाग गया।

इस कार्यवाही से लांस नायक ब्रिग पाल सिंह ने उत्कृष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया और भारतीय सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल सर्वोत्तम बलिदान दिया।

40. 13664646 लांस नायक नर बहादुर छेत्री,
गार्डस

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

लांस नायक नर बहादुर छेत्री ब्रिगेड आफ गार्डस की एक बटालियन की एक प्लाटून का अंग थे, जो पश्चिमी मोर्चे पर "मुनब्बर तवी" के पार छम्ब में तैनात थी।

4 दिसम्बर 1971 को इन्फन्ट्री और बक्तर की मिली जुली सेना के साथ शत्रु ने बहुत भारी हमला किया। लांस नायक नर बहादुर छेत्री के ठिकानों पर आर्टिलरी मार्टर और स्वचालित गनों से शत्रु भारी गोलाबारी कर रहा था। अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए लांस नायक छेत्री ने दुश्मन पर गोलाबारी की और शत्रु के पांच टैंकों को बर्बाद कर दिया।

इस कार्यवाही में लांस नायक नर बहादुर छेत्री ने सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल विशिष्ट शूरवीरता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

41. 13657079 लांस नायक राम उग्र पाण्डे
गार्डस (मरणोपरान्त)

13657079 लान्स नायक राम उग्र पाण्डे, ब्रिग्रेड आफ गार्डस की एक बटालियन के एक सैक्शन की कमान कर रहे थे, जो कि पूर्वी मोर्चे पर हमारी रक्षात्मक कार्यवाही के तौर पर शत्रु की चौकी पर हमला करने में व्यवस्थ थी। शत्रु अपने सुदृढ़ मोर्चों से सही और भारी गोलाबारी कर रहा था, जिस के कारण प्रहार करने वाल सैन्यदलों की प्रगति रुक गई थी। लांस नायक पाण्डे जमीन पर रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने हथगोलों से एक के बाद एक शत्रु के दो बंकर नष्ट कर दिये। इसके बाद उन्होंने एक राकट लांचर लेकर तीसरा बंकर बरबाद कर दिया। लेकिन यहां वे बुरी तरह जख्मी हुए और और उन्होंने घटना-स्थल पर ही वीरगति पाई।

लांस नायक राम उग्र पाण्डे ने अनुकरणीय वीरता और नेतृत्व दिखाया और महान बलिदान दिया।

42. 3355332 लांस नायक संघारा सिंह
सिख रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(**पुरस्कार की प्रभावी तिथी**—17 दिसम्बर, 1971)

पुलकंजरी के ठिकाने पर शत्रु की एक मजबूत स्थान के गिर्द नरनाशी और टैंकरोधी सुरंगों का जाल बिछा हुआ था और इसे बहुत सी मशीनगनों से मदद मिल रही थी। इस पर 17 दिसम्बर, 1971 को हमले के दौरान इनकी प्लाटून पर जमीन और आर्टिलरी से भारी गोलाबारी होने लगी, खास तौर पर बांए बाजू की दो मशीनगनें भारी गोलाबारी कर रही थीं। लांस नायक संघारा सिंह बाएं बाजू के सैक्शन के सहायक कमान्डर थे और शत्रु की इन मशीनगनों के लगातार गोलाबारी से इनका सैक्शन जरा भी आगे नहीं बढ़ पा रहा था। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए लांस नायक संघारा सिंह सुरंग क्षेत्रों में से शत्रु की मशीनगन चौकी की तरफ लपके और उन्होंने बंकर में ग्रेनेड फैंक कर गन को बिल्कुल खामोश कर दिया। इसके बाद वे दूसरी मशीनगन चौकी की तरफ दौड़े और लूपछेद पर कूदते हुए उन्होंने गन को छीन लिया। ऐसा करते समय इनके पेट पर गोलियों की एक बौछार पड़ी, लेकिन उन्होंने अडिग रह कर मशीन गन को पकड़े रखी। शत्रु बुरी तरह घबरा गया और लांस नायक संघरा सिंह के हाथों में मशीनगन छोड़कर बंकर से भाग गया। इन मशीनगनों को बर्बाद कर देने से हमारे सैनिक शत्रु की चौकी को रौदने में सफल हुए, लेकिन लांस नायक संघारा सिंह ने घावों के कारण वीरगति पाई।

बहादुरी के अपने इस कारनामे में लांस नायक संघारा सिंह ने उत्कृष्ट वीरता और शत्रु का मुकाबला करते हुए अनुकरणीय कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया। उनका यह महान बलिदान भारतीय सैना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल है।

43. 9212865 सिपाही अनसूया प्रसाद
महार रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

सिपाही अनसूया प्रसाद एक युवा सैनिक थे जिन्होंने भरती के बाद प्रशिक्षण पूरा करके हाल ही में महार रेजिमेंट की एक बटालियन में प्रवेश किया था। उनकी बटालियन को पूर्वी मोर्चे पर शत्रु के एक ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। शत्रु पूरी तरह किलेबंदी की गई एक इमारत में था जहां से वह पूरे इलाके पर हावी हो रहा था। आक्रमण के दौरान, आक्रमणकारी सैनिकों को शत्रु की आटोमेटिक मशीनगनों की भारी गोलाबारी ने रोक दिया। शीघ्र ही यह स्पष्ट हो गया कि जब तक उस इमारत को नष्ट नहीं किया जाता तब तक हमारे सैनिक उसके आसपास के शत्रु के बंकरों पर घेरा नही डाल सकेंगे। इसलिए शत्रु के मोर्चों के भीतर एक दस्ता भेजने का फैसला किया गया ताकि वह वहां जाकर उस इमारत को आग लागा दें। सिपाही अनसूया प्रसाद ने अपने आपको इस काम के लिए समर्पित किया और अपने साथ कुछ गोले लेकर, अपनी जान को हथेली पर रख, शत्रु के मोर्चों की ओर रेंगते हुए बढ़े। इस बीच उनकी दोनों टांगों मे गोली लगी, परन्तु वे रुके नहीं। रेंगते हुए वे इमारत तक पहुंच गए और इमारत के पीछे वाले एक कमरे में उन्होंने गोलाबारूद का ढेर पड़ा देखा। उन्होंने इसे उड़ाने की ठानी और इसकी तरफ रेंगने लगे। इसी बीच उनके कन्धे में मशीन गन की गोली आ लगी। अपने घावों की तनिक भी परवाह न करते हुए, खून में लथपथ, वे बड़ी कठिनाई से उस कमरे तक पहुंचे और घावों के कारण दम तोड़ने से पहले उन्होंने वे गोले लुढ़का कर इमारत को आग लगा दी। उनके इस कारनामे से शत्रु को उस इमारत को छोड़ना पड़ा और हमारे सैनिक उस मोर्चे पर अधिकार करने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में, सिपाही अनसूया प्रसाद ने उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ सकल्प का परिचय दिया और कर्तव्य निभाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

44. 5439887 राइफलमैन दिल बहादुर छेत्री
गोरखा राइफल्स

राइफलमैन दिल बहादुर छेत्री, गोरखा राइफल्स की उस बटालियन में थे, जिसे पूर्वी मोर्चे के 'अतग्राम' क्षेत्र में से शत्रु का सफाया करने का काम सौंपा गया था। इस क्षेत्र की शत्रु ने मजबूती से किलाबंदी कर रखी थी और वह वहां बड़ी संख्या में मौजूद था। प्रहार करने के दौरान हमार सैन्यदलों पर शत्रु ने मंझली मशीनगनों से लगातार अचूक गोलाबारी की जिससें भारी संख्या में हमारे सैनिक हताहत हुए। राइफलमैन दिल

बहादुर छेत्री ने यह महसूस करके कि इस मशीनगन को खामोश करना कितना जरूरी है अपनी जान की परवाह किये बिना एक बंकर से दूसरे बकर में कूदकूद कर अपनी खुकरी से आठ शत्रु के सिर काट डाले और मीडियम मशीन गन पर कब्जा कर लिया। इनके दृढ़ निश्चय और साहस से सभी सैनिकों ने प्रेरित होकर उस लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में राइफलमैन दिल बहादुर छेत्री ने भारतीय सेन की उच्चतम परम्परा के अनुसार उत्कृष्ट वीरता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

45. 2760401 सिपाही पांडुरंग सालुखे
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री (**मरणोपरांत**)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 **दिसम्बर** 1971)

बक्तर की मदद से बटालियन मराठा लाइट इन्फैन्ट्री द्वारा एक प्रहार के दौरान शत्रु के एक राकेट लाचर ने इन्फैन्ट्री के साथ प्रहार करते हुए हमारे टैंकों के लिये भारी खतरा पैदा कर दिया। अपने टैंकों के लिये खतरे को महसूस करके, सिपाही पांडुरंग सालुंखे अपनी जान को भारी जोखिम में डाल कर शत्रु की तरफ झपटे और लपक कर शत्रु से उस का राकेट लांचर छीन लिया हालांकि इस बीच उन पर बिल्कुल करीब से स्टेनगन की गोलियों की एक बौछार पड़ी। इस तरह उन्होंने राकेट लांचर को खामोश कर दिया, लेकिन सबसे बड़ी कुर्बानी दे गये।

इस कार्यवाही में सिपाही पांडुरंग पालुखे ने अदम्य साहस और उच्चकोटि के दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

46. 5037008 राइफलमैन पातीराम गुरंग
गोरखा राइफल्स (**मरणोपरांत**)

नं० 5037008 राइफलमैन पातीराम गुरंग पूर्वी मोर्चे पर राइफल कम्पनी से सम्बन्धित एक मंझली मशीन गन डिटेचमेंट के सदस्य थे। शत्रु के एक बंकर से उनकी कम्पनी पर भारी तोपें जोरदार और सही गोलाबारी कर रही थी। राइफलमन पातीराम गुरंग फौरन आगे बढ़े और उन्होंने मशीनगन को कूल्हे से लगा कर फायर करते हुए शत्रु की मशीन गन चौकी पर हमला कर दिया। ज्योंही, वह आगे बढ़े उन पर मशीन गन की गोलियों की बौछार पड़ी। यद्यपि वे बुरी तरह से जख्मी हो गये थे, फिर भी उन्होंने हमला जारी रखा और युद्धस्थल में वीरगति पाने से पहले शत्रु की मशीन गन को खामोश कर दिया।

इस कार्यवाही में राइफलमैन पातीराम गुरंग ने निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुये उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया।

सं० 19-प्रेज/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में उत्कृष्ट वीरता के लिए 'महावीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. कैप्टेन स्वराज प्रकाश ए० वी० एस० एम०,
भारतीय नौसेना

कैप्टेन स्वराज प्रकाश ने आई० एन० एस० विक्रान्त का कमान किया। यह जहांज बंगाल की खाड़ी में शत्रु के विरुद्ध संक्रिया करने वाला नौसैनिक विभंजन और मार करने वाला केन्द्र था। इन संक्रियाओं के दौरान, यह जहाज अत्यन्त खतरनाक समुद्र में संक्रिया करता रहा और शत्रु की पनडुब्बियों और हवाई जहाजों दोनों का ही मुख्य लक्ष्य बना रहा। अदम्य साहस के साथ इन्होंने शत्रु के विरुद्ध लगातार आक्रमक संक्रियायें कीं। विक्रान्त के सफल हवाई हमलों से बंगला देश के पूरे समुद्र तट के बन्दरगाहों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा और शत्रु समुद्री और जमीनों जलमार्गों के प्रयोग से वंचित हो गया। विक्रान्त के रूप में हमारी नौसेना की संपूर्ण सर्वोच्चता ने शत्रु को अपंग कर दिया, उसका हौसला तोड़ दिया और पूर्वी क्षेत्र में शत्रु को बहुत जल्दी आत्मसमर्ण करने के लिये बाध्य कर दिया।

कैप्टेन स्वराज प्रकाश ने भारतीय नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल विशिष्ट शौर्य, प्रेरणादायक नेतृत्व, सैनिक दक्षता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. कार्वाहक कैप्टेन महेन्द्रनाथ मुल्ला,
भारतीय नौसेना (**मरणोपरांत**)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 **दिसम्बर** 1971)

फ्रिगेट स्क्वाड्रन ने वरिष्ठ अफसर कैप्टेन महेन्द्रनाथ मुल्ला की कमान के अधीन भारतीय नौसेना के दो जहाजों को उत्तरी अरब सागर में एक पकिस्तानी पनडुब्बी का पता लगाने और उसे नष्ट करने का काम सौंपा गया था। दिनांक 9 दिसम्बर 1971 की रात को इन कार्यवाहियों में शत्रु की पनडुब्बी ने आई० एन० एस० खुकरी को तारपीडो का निशाना बना कर डुबो दिया। जहाज को छोड़ने का फैसला कर के कैप्टेन मुल्ला ने स्वयं अपनी सुरक्षा की परवाह किये बिना अपने जहाज की कप्तनी को बचाने के प्रबंध की बहुत शांत, एकाग्र तथा क्रमबद्ध ढंग से देख-रेख की। बिल्कुल अंतिम समय में जब कि जहाज डूब रहा था कैप्टेन मुल्ला ने सूझबूझ का परिचय दिया और बचाव कार्यवाहियों का संचालन करना जारी रखा तथा अपना प्राण-रक्षीगियर एक नाविक को देकर अपनी जान बचाने से इंकार कर दिया। अधिक से अधिक जवानों को जहाज छोड़ देने का निर्देश देकर कैप्टेन मुल्ला पुल के पास यह देखने के लिये लौटे कि बचाव की अन्य क्या कार्यवाहियां की जा सकती थीं। ऐसा करते हुए कैप्टेन मुल्ला को अंत में जहाज के साथ समुद्र में डूबते देखा गया। उनका कार्य, बर्ताव तथा आदर्श जो उन्होंने स्थापित किया, सेवा की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है। कैप्टेन महेन्द्र नाथ मुल्ला ने अदितीय शौर्य तथा आत्मोत्सर्ग का प्रदर्शन किया।

3. कमांडर बभ्रुवाहन यादव,
भारतीय नौसेना
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 **दिसम्बर**, 1971)

कमांडर बभ्रुवाहन यादव, युद्धपोतों की एक डिवीजन के स्क्वाड्रन कमांडर थे, जो पश्चिमी बेड़े के टास्क ग्रुप का एक अंग था। इसे 4/5 दिसम्बर, 1971 की रात को कराची के

समुद्र तट पर आक्रामक हमला करने का आदेश दिया गया। शत्रु के हवाई, नौसैनिक और पनडुब्बियों के हमलों के खतरे के बावजूद शत्रु के समुद्र में काफी भीतर तक घुसकर इन्होंने अपने जहाजों को डिवीजन का नेतृत्व किया और उसने शत्रु के विशाल युद्धपोतों के दो ग्रुपों से मुठभेड़ की। यद्यपि शत्रु के ध्वंसकों पर लगी तोपों की भारी गोलाबारी से उनके पोतों और कार्मिकों को काफी खतरा था फिर भी कमांडर यादव ने शत्रु पर तेज और जोरदार हमला करने के लिए अपनी स्क्वाड्रन का नेतृत्व किया। इस परिणामस्वरूप, शत्रु के दो ध्वंसक और एक सुरंग अपमार्जक डूब गया।

इस कार्यवाही में, कमांडर बभ्रुवाहन यादव ने भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट वीरता और असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

4. कमांडर कासरगोड पटनाशेट्टी गोपाल राव, वी० एस० एम०, भारतीय नौसेना।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर 1971)

पश्चिमी बेड़े के एक छोटे टास्क-ग्रुप ने 4/5 दिसम्बर, 1971 की रात में करांची के निकट शत्रु के समुद्र तट पर आक्रामक कार्यवाही की। शत्रु की हवाई, नौसैनिक और पनडुब्बियों के खतरे के बावजूद कमान्डर कासरगोड पटनाशेट्टी गोपाल राव टास्क-ग्रुप को शत्रु के समुद्र तट में अन्दर तक ले गए और शत्रु के बड़े युद्धपोतों के दो ग्रुपों का पता लगाने में सफल हुए। शत्रु के ध्वंसक पोतों से भारी तोपों से गोलाबारी होने और अपने जहाजों और सैनिकों को खतरा होने के बावजूद कमान्डर राव ने दृढ़ संकल्प से जम कर हमला किया, जिससे शत्रु के दो ध्वंसक पोत और एक सुरंग अपमार्जक (माइनस्वीपर) डूब गए। शत्रु के युद्ध पोतों से निबटने के बाद कमांडर राव ने अपने टास्क ग्रुप को शत्रु के समुद्र तट क्षेत्र में और भीतर घुसने का आदेश दिया और करांची बन्दरगाह पर सफलतापूर्वक बम बरसाए जिससे बन्दरगाह के तेल और दूसरे संस्थापनों में आग लग गई।

इस संक्रिया में कमांडर कासरगोड पटनाशेट्टी गोपाल राव ने भारतीय नौसेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुकूल विशिष्ट वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

5. कमांडर मोहन नारायण राव सामंत, भारतीय नौसेना

कमांडर मोहन नारायण राव सामंत उस चार क्राफ्ट वाले सैन्यदल के वरिष्ठ अधिकारी थे जिसने मोंगला और खुलना की बन्दरगाहों में शत्रु पर अत्यन्त साहसपूर्ण और बहुत सफल हमले किए थे। अपने स्क्वाड्रन को अत्यन्त कठिन तथा अपरिचित मार्ग से आगे बढ़ाते हुए कमांडर सामंत ने मोंगला में शत्रु को अचानक जा घेरा और उसे भारी जानी नुक्सान पहुंचा कर उसे रौंद डाला। उसके बाद कमांडर सामंत खुलन पर हमला करके बन्दरगाह में मोर्चे बनाकर डटी हुई बहुत बड़ी संख्या में शत्रु की सेना को नष्ट करने के लिये आगे बढ़े। घमासान युद्ध हुआ जिसमें सैन्यदल पर शत्रु ने लगातार हवाई हमले किए। सैन्यदल के साथ कार्यवाही में भाग लेने वाली मुक्ति वाहिनी की दो नौकाएं डूब गई। स्वयं अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए इन्होंने न केवल जीवित जवानों की बड़ी संख्या को उठाने का प्रबंध किया बल्कि शत्रु पर भयानक हमले करके उसे भारी नुक्सान पहुंचाया। कमांडर सामंत कई बार बाल-बाल बचे लेकिन उन्होंने सुरक्षित जल-क्षेत्र में जाने से इंकार कर दिया। अपने व्यक्तिगत उदाहरण, असाधारण नेतृत्व से कमांडर सामंत ने अपने जवानों को स्थिति का मुकाबला करने और उत्कृष्ट वीरता से लड़ने के लिए प्रेरित किया।

इन कार्यवाहियों में कमांडर मोहन नारायण नराव सामंत ने अद्वितीय शौर्य, आत्मोत्सर्ग और नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

6. लेफ्टिनेन्ट कमांडर जोजेफ पियस अल्फ्रेड नोरोन्हा, भारतीय नौसेना

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कमांडर जोजेफ पियस अल्फ्रेड नोरोहा, आई० एन० एस० पानवेल की कमान कर रहे थे। उनका जलपोत सैन्यदल का अंग था जिसे 8 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 1971 की अवधि के दौरान मोंगला और खुलना क्षेत्रों में शत्रु के लक्ष्यों पर हमला करने का काम सौंपा गया था। खुलना क्षेत्र में कार्यवाही करते समय इस सैन्य दल पर शत्रु ने लगातार हवाई हमले किये और तट-स्थित शत्रु की रक्षा पंक्ति ने पानवेल पर भी हमला करना शुरू कर दिया। लेफ्टिनेन्ट कमांडर नोरोन्हो ने जलपोत का बहुत ही सीमित जल-क्षेत्र में बड़ी दक्षता तथा निर्भय होकर संचालन किया और तट-स्थित शत्रु के ठिकानों पर कारगर ढंग से आक्रमण किया। उन्होंने अपनी निजी मिसाल से अपने जवानों को प्रेरणा दी। उन्होंने और उनकी कम्पनी ने शत्रु के बिलकुल पास जाकर बड़ी लम्बी अवधि तक शत्रु से युद्ध किया। उनकी वीरता, स्वयं अपनी जान की बेपरवाही, उनके नेतृत्व तथा अथक शक्ति से उन के जवानों को प्रेरणा मिली और उन्होंने बड़े-बड़े काम किये। लेफ्टिनेन्ट कमांडर नोरोन्हा शत्रु की तट स्थित रक्षा सेना को खामोश करने में सफल हुए और उन्होंने शत्रु के महत्वपूर्ण संस्थापनों को भारी नुक्सान पहुंचाया।

पूरी कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कमांडर जोजेफ पियस अल्फ्रेड नोरोन्हा ने उत्कृष्ट वीरता तथा असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया।

7. लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर संतोष कुमार गुप्ता, नौसेना मैडल भारतीय नौसेना

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कमान्डर संतोष कुमार गुप्ता उस भारतीय नौसेना के हवाई-स्क्वाड्रन की कमान में थे जो विमानवाही जहाज आई० एन० एस० विक्रान्त से संक्रामक कार्यवाही कर रहे थे। इन्होंने बमबारी की ग्यारह कार्यवाइयों की उड़ानों का बड़ी सफलता से नेतृत्व किया, जिसके फलस्वरूप शत्रु के पोतों को भारी नुक्सान पहुंचा और बंगलादेश के अनेक सेक्टरों में दुश्मन के मजबूती से रक्षित अनेक तटवर्ती संस्थापन बर्बाद हो गये। 9 दिसम्बर 1971 को लेफ्टिनेन्ट कमांडर

गुप्ता ने सी०-हाक वायुयानों से खुलना में शत्रु के स्थानों पर ठीक निशाने से सफल बमबारी की, जहां शत्रु की विमान-भेदी तोपें दनादन गोले बरसा रही थीं। इनके विमान पर गोला लगा और इससे इनका यान क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन फिर भी अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह न करते हुए भारी खतरा उठा कर लेफ्टिनेन्ट कमांडर गुप्ता अदम्य संकल्प और बड़ी दक्षता से हमले का नेतृत्व करते रहे और इसके बाद अपनी डिवीजन को जहाज पर सुरक्षित लौटा लाये। लेफ्टिनेन्ट कमांडर गुप्ता ने अपने क्षतिग्रस्त यान को विमानवाही पोत पर सुरक्षित उतारने में महान साहस और सैनिक योग्यता का परिचय दिया। शेष कार्यवाहियों में भी लेफ्टिनेन्ट कमांडर गुप्ता ने हर अवसर पर बन्दरगाहों और तटीय संस्थानों और शत्रु के जहाजों पर हमला करने में अपने स्क्वाड्रन का नीचे से भारी गोलाबारी के बावजूद सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। जिसके फलस्वरूप शत्रु एकदम अपंग हो गया और इससे चालना, खुलना और चटगांव क्षेत्र में शत्रु का विरोध कामयाबी से समाप्त करने में मदद मिली।

इन सभी संक्रियाओं में लेफ्टिनेन्ट गुप्ता ने विशिष्ट वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

8. लीडिंग सीमैन सी० सिंह (ओ० डी० 2)
नं० 87600

लीडिंग सीमैन सी० सिंह (ओ० डी०-2), नं० 87600 उस युद्ध पोत के सदस्य थे, जो उस जंगी बेड़ा का हिस्सा था जिसे 8 से 11 दिसम्बर, 1971 के दौरान मंगला और खुलना के इलाके में शत्रु के लक्ष्यों पर हमला करने का काम सौंपा गया था। जब यह बेड़ा खुलना से थोड़ी दूर कार्यवाही कर रहा था तो इस पर हवाई हमला हुआ और इनकी नाव डूब गई। वह गोले के टुकड़े से बहुत बुरी तरह घायल हो गए। शत्रु ने तट-वर्ती मोर्चों से पानी में बचे हुए इन जवानों पर गोला चलाना शुरू कर दिया। लीडिंग सीमैन सिंह ने देखा कि बचे हुए दो जवानों को, जिनमें एक घायल अफसर भी थे, तैरने में कठनाई हो रही है। घायल हो जाने के बावजूद, अपनी जान की परवाह न करते हुए वे उन्हें बचाने के लिये आगे बढ़े और शत्रु की भारी गोलाबारी में से होकर उन्हें किनारे तक ले आए। किनारे पर पहुंच कर घावों के बावजूद वे शत्रु की ओर लपके और अपने को शत्रु की गोलाबारी के सामने कर दिया, जिससे इनके दोनों साथी बचकर भाग गए। लीडिंग सीमैन सिंह को अंत में शत्रु ने पकड़ लिया और उन्हें बन्दी बना लिया। बंगला देश मुक्त हो जाने पर उन्हें छुड़ा लिया गया और अस्पताल में भरती कर दिया गया।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान लीडिंग सीमैन सी० सिंह ने उत्कृष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

सं० 20-पेज/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में उत्कृष्ट वीरता के लिये "महावीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

ग्रुप कैप्टेन चंदन सिंह, ए वी एस एम, वी सी,
(3460), फ्लाइंग ब्रांच (पाइलट)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

ग्रुप कैप्टेन चंदन सिंह असम में वायुसेना स्टेशन के कमांडिंग आफिसर हैं। हाल ही में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान वह बंगला देश की मुक्ति के लिये संचालित वायु संक्रियाओं में सबसे आगे थे। वे फौजों की दो कम्पनियों को सिलहट क्षेत्र में वायुयान द्वारा ले जाने के लिये विशेष हेलिकाप्टर संक्रियाओं की योजना बनाने और उसे कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार थे। जब ढाका की ओर सेना की प्रगति में आने वाली रुकावटों को दूर करना आवश्यक हो गया तब उन्होंने अपने नितांत सीमित हेलिकाप्टर बल के साथ 3000 जवानों और 40 टन उपस्कर और भारी गनों को ले जाने की योजना बनाई और उसे पूरा किया। इस संक्रिया में फौजों और उपस्कर को रात के समय पूरी तरह रक्षित क्षेत्र के अत्यन्त निकट उतारना था। प्रत्येक मिशन से पहले उन्होंने शत्रु की भारी गोलाबारी की बौछार में स्वयं टोह की। 7—8 दिसम्बर की रात को उन्होंने हेलिकाप्टर द्वारा ले जाने के कार्य की प्रगति और अपने पाइलटों को, जो भूमि से भारी गोलाबारी का मुकाबला कर रहे थे, प्रोत्साहित करने तथा पथप्रदर्शन करने के लिये शत्रु के क्षेत्र के भीतर आठ मिशन पूरे किये। बाद में इसी कार्यवाही में उन्होंने 18 मिशन पूरे किये और नये स्थानों पर वे स्वयं पहले ही उतरे। अनेक अवसरों पर उनके हेलिकाप्टर पर जमीनी गोलाबारी का प्रहार हुआ किन्तु इससे बाद के मिशनों को पूरा करने में वे विचलित नहीं हुये। इस मुख्य वायुवाहित संक्रिया की सफलता ने ढाका के पतन और बंगला देश में पाकिस्तानी सशस्त्र सेनाओं के आत्मसमर्पण में विशेष रूप से योगदान दिया।

इस पूरी कार्यवाही में, ग्रुप कैप्टेन चंदन सिंह ने उत्कृष्ट वीरता संगठनात्मक योग्यता, दृढ़ संकल्प और व्यावसायिक निपुणता का परिचय दिया।

2. विंग कमांडर एलन एलबर्ट डी कास्टा
(4580), फ्लाइंग ब्रांच (पाइलट)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर विंग कमांडर एलन एलबर्ट डी कास्टा अपनी स्क्वाड्रन को संक्रियात्मक तैयारी के उच्चतम पराकाष्ठा तक ले गये। संक्रियाओं के दौरान अच्छी प्रकार रक्षित लक्ष्यों के सामने इन्होंने शत्रु के क्षेत्र के अन्दर कम से कम 15 मिशनों का नेतृत्व किया। और इस प्रकार अपने पाईलटों के सामने उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत किया। विंग कमांडर डी-कास्टा 4 दिसम्बर, 1971 को शत्रु के रिसालवाला वायु मैदान पर आक्रमण करने वाले प्रथम अधिकारी थे। अगले दिन विंग कमांडर डी-कास्टा चिस्तियां मंडी की ओर मिशन ले गये और तीन टैंक तबाह किये। 6 दिसम्बर, 1971 को विंग कमांडर डी-कास्टा ने भारी विमान-भेदी गोलाबारी की परवाह न करते हुये डेरा बाबा नानक में टैंकों के जमाव पर आक्रमण किया। 7 दिसम्बर, 1971 को विंग कमांडर डी-कास्टा ने सुलेमानकी क्षेत्र में नीची उड़ान भर के फोटो टोह मिशन पूर्ण किया और उसी दिन नरोवा 1 के रेलवे स्टेशन पर आक्रमणकिया जहां उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कई रेल वैगनों और संस्थापनाओं को क्षति पहुंचाई और उन्हें ध्वस्त किया। 8 से 12 दिस-म्बर, 1971 के दौरान उन्होंने कई टोह मिशनोंकी उड़ानें की जिनमें वे अपने साथ बहुत लाभदायक आसूचना लाये जिसके आधार पर वायु और थल संक्रियायें आयोजित की गई। तत्पश्चात लड़ाई के अन्त तक विंग कमांडर डी-कास्टा मुख्य रूप से रायबिड मार्शलिंग यार्ड,

कसूर-लाहौर रेलवे लाइन सहित रेलवे लक्ष्यों पर मिशनों का नेतृत्व करते रहे और भारी संख्या में वैगन बर्बाद किये तथा प्रत्येक लक्ष्य को विनाश-स्थल बना दिया। ये समस्त मिशन भारी विमान-भेदी गोला-बारी और कहीं-कहीं पाकिस्तानी वायु-प्रतिरोध के बावजूद पूरे किये गये।

इस पूरी कार्यवाही में विंग कमांडर एलन एलबर्ट डी-कास्टा ने उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ संकल्प, असाधारण नेतृत्व और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

3. विंग कमाण्डर सेसिल विवियन पार्कर
(4346).
फ्लाईंग ब्रांच (पाइलट)

विंग कमांडर सेसिल विवियन पार्कर ने, जोकि एक लड़ाकू बम वर्षक स्क्वाड्रन के कमान अधिकारी थे, ऐसे इलाकों में खूब अन्दर तक कई उड़ानों का नेतृत्व किया जो शत्रु के अधिकार में थे, और ऐसे ठिकानों पर प्रहार किये जिनकी सुरक्षा का शत्रु ने भारी प्रबन्ध कर रखा था। ऐसी ही एक उड़ान से लौटते समय, इनकी फार्मेशन पर शत्रु के सैबर जैट विमानों ने आक्रमण कर दिया। इस पर जो हवाई लड़ाई हुई उसमें विंग कमांडर पार्कर ने शत्रु के एक विमान को मार गिराया और दूसरे को भारी क्षति पहुंचाई। एक अन्य उड़ान के समय, विंग कमाण्डर पार्कर ने शत्रु के अटक स्थित तैल-शोधक कारखाने पर शत्रु की भारी विमानभेदी और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद आक्रमण किया और कारखाने को भारी क्षति पहुंचाई।

इस पूरी कार्यवाही में, विंग कमाण्डर सेसिल विवियन पार्कर ने उत्कृष्ट वीरता और असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया।

4. विंग कमाण्डर हरचरण सिंह मंगत
(4666), फ्लाईंग ब्रांच (पाइलट)

एक लड़ाकू बम्बार स्क्वाड्रन के कमान अधिकारी के रूप में, विंग कमाण्डर हरचरण सिंह मंगत ने शत्रु-विमानों को ऊपर जाकर घरने, थल-सेना को निकट से सहायता देने, और शत्रु के इलाके में दूर तक जाकर टोह लगाने के लिये कई उड़ानें भरी हैं। इन टोह उड़ानों से विंग कमाण्डर मंगत जो जानकारी लाये वह थलसेना और वायुसेना की संक्रियात्मक योजनायें बनाने में बहुत लाभदायक सिद्ध हुई। एक आक्रमक उड़ान के दौरान, विमानभेदी तोप की अन्धाधुन्ध गोलाबारी से उनके विमान पर तीन गोले लगे, परन्तु फिर भी उन्होंने आगे बढ़ना नहीं छोड़ा और तभी रुके जब उन्होंने देखा कि उनकी फार्मेशन के अन्य विमानों को भी भारी क्षति पहुंची है। इसी समय, शत्रु के विमानों ने उन्हें आ घेरा। इस पर भी वे अपनी फार्मेशन को खतरे से बाहर निकाल कर ले आये और उसे सुरक्षित अपने अड्डे पर पहुंचा दिया। नीचे उतरने पर यह पाया गया कि उनके विमान को व्यापक क्षति हुई है और नियन्त्रण सतहों के बड़े-बड़े भाग पूरे उड़ चुके हैं। ऐसे भारी क्षतिग्रस्त विमान को, केवल श्रेष्ठ उड़ान-दक्षता और उच्च कोटि के साहस से ही सकुशल वापिस लाया जा सकता था।

विंग कमांडर हरचरण सिंह मगत ने उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ संकल्प, व्यावसायिकता दक्षता और असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया है।

5. विंग कमांडर मन मोहन वीर सिंह तलवाड़
(4573) फ्लाईंग ब्रांच (पाइलट)

विंग कमांडर मन मोहन वीर सिंह तलवाड़ ने, जो कि एक बमवार स्क्वाड्रन के कमान अधिकारी थे, युद्ध के प्रथम 10 दिनों के शत्रु के अत्यन्त सुरक्षित ठिकानों पर पांच दिन और रात के मिशन पूरे किये। इन में से एक उड़ान के समय विंग कमांडर तलवाड़ ने सरगोधा में पाकिस्तानी वायुसेना की स्थापनाओं को भारी क्षति पहुंचाई। विंग कमांडर तलवाड़ ने छम्ब क्षेत्र में थल सेना की सहायता के लिये दिन के समय एक उड़ान भरी और मनव्बर तवी नदी के पास शत्रु के चार तोप-मोर्चों पर आक्रमण करके तीन को ठंडा कर दिया जिससे उस दुर्गम प्रदेश में हमारी सेना को आगे बढ़ने में आसानी हुई। इन दोनों ठिकानों पर सुरक्षा का भारी प्रबन्ध था, दूसरा ठिकाना तो शत्रु के एक लड़ाकू विमानों के अड्डे के पास था जहां से उड़कर वे हमारे विमान घेर सकते थे। इसके बावजूद, विंग कमांडर तलवाड़ ने, बड़ी दृढ़ता और सफलता से, शत्रु पर आक्रमण किये। उनके आचरण से, उनके नेतृत्व में चलने वाले दूसरे वायुयानों के कार्मिकों को प्रेरणा मिलती थी। विंग कमांडर मन मोहन वीर सिंह तलवाड़ ने जिस साहसिक नेतृत्व, संकल्प दृढ़ उड़ान दक्षता तथा उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया वे सब उनके स्क्वाड्रन की अनेक सफलताओं के मुख्य कारण हैं।

6. विंग कमांडर रमेश सखराम बनेगल, ए वी एस एम,
(4220), फ्लाईंग ब्रांच (पाइलट)

संक्रियात्मक टोह स्क्वाड्रन के कमान अधिकारी के रूप में, विंग कमाण्डर रमेश सखराम बेनेगल ने शत्रु की सीमा के ऊपर बहुत बड़ी संख्या में उड़ाने भरी और शत्रु की वायुसेना तथा अन्य संस्थानों के सम्बन्ध में अत्यन्त महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस के लिए, उन्हें शत्रु की सीमा के बहुत अन्दर तक और शत्रु के अत्यन्त सुरक्षित ठिकानों तक उड़ाने भरनी पड़ी। इन उड़ानों के फलस्वरूप प्राप्त सूचना के कारण न केवल थलसेना, वायु सेना और नौसेना की कार्यवाहियों की योजना बनाने में आसानी हुई बल्कि इस तरह पाकिस्तानी युद्ध-तंत्र को नष्ट करने में प्रत्यक्ष रूप से सहायता भी मिली। इसके अतिरिक्त विंग कमाण्डर बेनेगल को इस बात का भी श्रय मिला है कि वे इन असंख्य उड़ानों के दौरान कभी भी अपना काम पूरा किए बिना नहीं लौटे।

विंग कमाण्डर रमेश सखराम बेनेगल ने शत्रु की सीमा में बहुत अन्दर तक बार-बार उड़ान भर कर उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता, कर्तव्य निष्ठा और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

7. विंग कमाण्डर स्वरूप कृष्ण कौल
(4721), फ्लाईंग ब्रांच (पाइलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

युद्ध आरम्भ होने पर लड़ाकू बमवार स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर विंग कमाण्डर स्वरूप कृष्ण कौल ने फोटो लेने के महत्वपूर्ण कार्य के लिये अपनी सेवायें अर्पित कीं। हमारी सेना की प्रहार योजनाओं को अन्तिम रूप देने के लिये इसकी अत्यन्त आवश्यकता थी। कोमिल्ला, सिलहट और सैदपुर के भारी रक्षित खण्डों तक अफसर ने शत्रु के क्षेत्रों में दूर तक चार मिशन पूर्ण किए। कभी-कभी

विंग कमाण्डर कौल को अत्यन्त मजबूती से रक्षित शत्रु के इलाकों के ऊपर 200 फुट के नीचे पर भी उड़ानें करनी पड़ीं। उन्होंने इन बौछारों में निर्भयता के साथ हर मिशन में बार-बार उड़ाने की और सफलता के साथ कार्य पूर्ण किया। 4 दिसम्बर 1971 को विंग कमांण्डर कौल ने पुनः एक अन्य कार्य के लिए अपनी सवाएँ अर्पित कीं। वह था तेजगांव और कुरसी तोला हवाई अड्डों के फोटो लेना। शत्रु की लगातार और तीखी स्थल गोलाबारी के मुकाबले में इन दो हवाई अड्डो के ऊपर उनकी टोह उड़ानें उनकी उत्कृष्ट शूर वीरता, और कर्तव्यपरायणता के कारनामें हैं। उनके टोह उपलब्धियों के अतिरिक्त विंग कमाण्डर कौल ने ढाका के ऊपर सबसे पहले आठ वायुयानों वाले आक्रमण का नेतृत्व किया? इस आक्रमण में लक्ष्य क्षेत्र के समीप चार शत्रु वायुयानों ने उनकी फार्मेशन पर आक्रमण किया। विंग कमाण्डर कौल ने असाधारण नेतृत्व का परिचय देते हुए, अपने बल का इस ढंग से संचालन किया कि शत्रु के दो वायुयान मार गिराए और अन्य दो भाग खड़े हुए। इस प्रकार लक्ष्य योग आक्रमण के लिए साफ हो गया।

इस पूरी कार्यवाही में विंग कमाण्डर स्वरूप कृष्ण कौल ने उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ संकल्प और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

8. विंग कमाण्डर विद्या भूषण वसिष्ट,

(4584), फ्लाइंग ब्रांच (पाइलट),

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)।

संक्रियात्मक स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर विंग कमांडिर विद्या भूषण वसिष्ट ने 3 दिसम्बर 1971 की रात को छांगा पांगा में शत्रु के महत्वपूर्ण ईंधन और गोला-बारूद ढेर पर आक्रमण करने के लिये अपने स्क्वाड्रन के भारी बममारों के ग्रुप का नेतृत्व किया। शत्रु की भारी स्थल गोला-बारी के बावजूद विंग कमाण्डर वसिष्ट ने जोर का आक्रमण किया और लक्ष्य को भारी क्षति पहुंचाई। पुनः अगली रात्रि, विंग कमाण्डर वसिष्ट ने उसी लक्ष्य पर एक अन्य आक्रमण किया और शत्रु की भारी स्थल-गोलाबारी के बावजूद उसे और भी भारी क्षति पहुंचाई। 5 दिसम्बर, 1971 की रात को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के हाजीपीर दर्रे में शत्रु की स्थितियों पर आक्रमण करने के लिए विंग कमाण्डर वसिष्ट ने अपनी बममार फार्मेशन का नेतृत्व किया। इस संक्रिया की कठिनाइयों और संकट की वजह लक्ष्य-क्षेत्र की स्थल गोला-बारी के साथ साथ पर्वतीय भूखण्डों के भीतर नीचों उड़ानों की जोखिम भी थी। इन सब संकटों के बावजूद, विंग कमाण्डर वसिष्ट ने आक्रमण किया और शत्रु की स्थितियों पर प्रहार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इनके अतिरिक्त विंग कमाण्डर वसिष्ट ने शत्रु के प्रदेश के भीतर तक अनेक मिशनों का नेतृत्व किया जहां लडाकू वायुयानों के मुकाबले की और विमान भेदी गोलाबारी की आशंका थी। इन सभी आक्रमणों में विंग कमाण्डर वसिष्ट ने अपने वायुयानों की किसी प्रकार की क्षति के बिना सौंप गये कार्य को पूरा किया।

विंग कमाण्डर विद्या भूषण वसिष्ट ने रात्रि-प्रति-रात्रि शत्रु के भारी रक्षित लक्ष्यों पर बार-बार आक्रमण का नेतृत्व करके उत्कृष्ट वीरता, असाधारण कर्तव्यपरायणता और नेतृत्व का परिचय दिया।

9. स्क्वाड्रन लीडर माधवेन्द्र बैनर्जी, वी० एम०,

(4898), फ्लाइंग ब्रांच (पाइलट)।

पाकिस्तान के साथ हाल के युद्ध के प्रथम सप्ताह के दौरान, लड़ाकू बमवार स्क्वाड्रन के वरिष्ठ पाइलट, स्क्वाड्रन लीडर माधवेन्द्र बैनर्जी ने शत्रु के ठिकानों पर पूरे 14 बार उड़ाने भरी। इनमें अधिकतर उड़ाने छम्ब की लड़ाइयों में अपनी थलसेना को सहायता देने के लिए थीं। इन उड़ानों के दौरान स्क्वाड्रन लीडर बैनर्जी के शत्रु के दो टैंकों और दो तोपों को नष्ट किया। तीन अवसरों पर स्क्वाड्रन लीडर बैनर्जी ने पहल करके शत्रु पर आक्रमण किया हालांकि शत्रु नीचे से ज़बर्दस्त गोलाबारी कर रहा था। इससे हमारी सेना पर शत्रु का दबाव कम हो गया।

स्क्वाड्रन लीडर बैनर्जी ने शत्रु द्वारा थल से अत्यन्त भारी गोलाबारी करने के बावजूद, शत्रु की सेनाओं पर बार-बार आक्रमण करके उत्कृष्ट वीरता और दक्षता का परिचय दिया।

10. स्क्वाड्रन लीडर रविन्दर नाथ भारद्वाज,

(5001), फ्लाइंग ब्रांच (पाइलट),

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

स्क्वाड्रन लीडर रविन्द्र नाथ भारद्वाज ने, जो कि एक लड़ाकू बमवार स्क्वाड्रन में एक वरिष्ठ पाइलट हैं, शत्रु के विविध ठिकानों पर कई संक्रियात्मक उड़ानों का नेतृत्व किया है। 5 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने शत्रु के एक हवाई अड्डे पर आक्रमण करने का नेतृत्व किया। यद्यपि वह हवाई अड्डों विमान भेदी तोपों और गोला बरसाने वाले छोटे अस्त्रों से मजबूती से सुरक्षित था, फिर भी उन्होंने आक्रमण को जारी रखा। अपने एक आक्रमण में उन्होंने स्वयं शत्रु के एक भारी परिवहन विमान को आग लगाई, और अन्त में अपनी टोली को सुरक्षित आपने अडे पर ले आये। 7 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने एक और टोली का नेतृत्व किया। इस बार उन्हें एसे बिजली घर पर आक्रमण करना था जिसकी सुरक्षा का भारी प्रबन्ध किया गया था। यहां भी, उनकी टोली ने शत्रु को सफलतापूर्वक भारी क्षति पहुंचाई, परन्तु अपने किसी भी विमान की कुछ भी क्षति नहीं हुई। 10 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने छम्ब क्षेत्र में स्थल सेना को सहायता प्रदान करने वाली टोली का नेतृत्व किया। पहले आक्रमण के दौरान उनके और उनके नम्बर दो के विमान को भूमि से गोले लगे और जैसे ही वे आक्रमण से अलग हटे शत्रु के सैबर विमान उनसे आ भिड़े। स्क्वाड्रन लीडर भारद्वाज ने अपने नम्बर दो को संकट से बाहर निकाला और फिर पलट कर आक्रमण किया और एक सैबर को निशाना बनाया जो ध्वस्त होकर छम्ब के पुल के पास हमारे क्षेत्र में आ गिरा। इस समय वे अकेले रह गये थे परन्तु फिर भी उन्होंने पाकिस्तानी टैंकों और सैनिकों की ओर अपना विमान मोड़ा और उन्हें व्यापक क्षति पहुंचाने के बाद, वे क्षतिग्रस्त विमान के साथ अपने अड्डे को लौट आये।

स्क्वाड्रन लीडर रविन्द्र नाथ भारद्वाज ने, भारी शत्रु स्थिति के मुकाबले में उत्कृष्ट वीरता और असाधारण नेतृत्व का परिचय किया जो वायुसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप है।

सं० 21-प्रेज/72:—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में उत्कृष्ट वीरता के लिये "महावीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. सहायक कमांडन्ड राम कृष्ण वधवा ,
31वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल । (मरणोपरान्त)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि —10 दिसम्बर 1971) ।

5 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने राजा महोतम की सीमा सुरक्षा दल के पिकेट पर कब्जा कर लिया था । सहायक कमांडेन्ट श्री राम कृष्ण वधवा को इस पिकेट को अपने कब्जे में लेने का कार्य सौपा गया । उनके पास केवल दो प्लाटूनें थीं । शत्रु की भारी गोलाबारी और मशीनगन फायर के बावजूद वह अपनी प्लाटूनों को विरचना स्थान तक ले गए और उन्होने शत्रु की अछी तरह से मोर्चाबन्दी किए हुए तथा तादाद में कहीं ज्यादा सेना पर हमला कर दिया । हमले के दौरान उनके सैनिकों पर सब तरफ से गोलाबारी हो रही थी और हमला विफल होता दिखाई दे रहा था । अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए, श्री राम कृष्ण वधवा ने बहुत ज्यादा सुरंगों वाले क्षेत्र में शत्रु की भारी और सही गोलाबारी के बावजूद अपने सैन्यदलों का साहसपूर्ण नेतृत्व किया उनकी निजी मिसाल ने जवानों में जोश पैदा हुआ और उन्हें वीरता से लड़ने, शत्रु को भारी क्षति पहुंचाते हुए लक्ष्य को पुनः कब्जा करने की प्रेरणा मिली । 10 दिसम्बर, 1971 को भारी संख्या में शत्रु ने जोरदार आर्टिलरी और मोर्टार गोलाबारी की वजह आड़ में एक जवाबी हमला बोल दिया । श्री रामकृष्ण वधवा ने अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए एक बंकर से दूसरे बंकर में जाकर अपने जवानों को भारी क्षति के बावजूद शत्रु का सामना करने के लिए, अनुकरणीय साहस से, प्रोत्साहित और प्रेरित किया अन्ततः एक बंकर से दूसरे बंकर में जाते समय शत्रु की गोलाबारी से वे बुरी तरह घायल हुए और उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में सहायक कमांडेन्ट राम कृष्ण वधवा ने उत्कृष्ट वीरता अदम्य साहस और नेतृत्व का परिचय दिया ।

सं० 22-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में उत्कृष्ट वीरता के लिए "महावीर चक्र का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर अरुण श्रीधर वैद्य, एम० वी० सी०, ए० वी० एम० एम०,
(आई० सी०—1701)

ब्रिगेडियर अरुण श्रीधर वैद्य पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर "जफरवाल" सैक्टर में आर्मड ब्रिगेड के कमांडर थे । शत्रु के साथ मुठभेड़ के लिए उन्होंने अपनी ब्रिगेड को तेजी से आगे बढ़ाया, और शत्रु पर अचानक हमला कर दिया । उन्होंने पअपने टैंकों का लगातार और आक्रामक ढंग से प्रयोग किया और शत्रु के विरुद्ध निरन्तर दबाव डालने और आगे बढ़ने की गति बनाए रखने के लिए डिवीजन की सहायता की । "चक्रा" और "देहिरा" की लड़ाई में सुरंगें बिछे हुए और दुर्गम क्षेत्र के कारण कठिनाई पेश आई। धैर्य और विश्वास के साथ ब्रिगेडियर वैद्य ने सुरंग-क्षेत्र को पार करने का कार्य संभाला । निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे आगे बढ़े । उनके प्रेरणा भरे नेतृत्व से पूरा स्क्वाड्रन एक तंग रास्ते से होकर आगे बढ़ा और शत्रु के जवाबी हमलों के मुकाबले के लिए तेजी से अपनी कार्य-वाही आरम्भ कर दी । उनकी बुद्धिमता और बख्तर बन्द गाड़ियों के आक्रामक प्रयोग के बिना इतने थोड़े समय में, डिवीजन के लिए शत्रु के प्रदेश में लगभग 20 किलोमीटर आगे बढ़ना कठिन था । फिर उन्होने "बसन्तर" की लड़ाई में सैनिक कुशलता और शानदार नेतृत्व प्रदर्शित किया । वे अपने टैंकों को गहरे सुरंग-क्षेत्रों में से एक क्षेत्र के अन्दर ले गए, पुल पदाधार को चौड़ा किया और शत्रु के भारी जवाबी हमले को पीछे धकेल दिया । इस युद्ध में शत्रु के 62 टैंक नष्ट क हुए और बाकी गिरते-पड़ते पीछे हट गए ।

इस पूरे समय में ब्रिगेडियर अरुण श्रीधर वैद्य ने शत्रु के विरुद्ध लड़ते हुए भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट साहस, महान सैनिक कुशलता, अदम्य संकल्प, दूर-दर्शिता और कल्पनाशक्ति का परिचय दिया ।

2. ब्रिगेडियर सन्त सिंह, एम वी सी,
(आई सी—5479),

ब्रिगेडियर सन्त सिंह ने पूर्वी मोर्चे के एक सेक्टर की कमान करते समय महान सफलता प्राप्त की । कार्यवाही के दौरान उनके पास मिली-जुली सेना थी जिसमें केवल एक ही नियमित बटालियन थी । आठ दिन में मेमनसिंह और माधोपुर पर कब्जा करने के लिए वे 38 मील लगभग पैदल ही आगे बढ़ते रहे । आगे बढ़ते समय यद्यपि उन्हें शत्रु के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ा फिर भी उन्होंने कई जगह शत्रु की सुरक्षित जगह खाली करवा ली । इस पूरी कार्यवाही के दौरान ब्रिगेडियर सन्त सिंह ने शत्रु के मीडियम मशीनगन की गोलाबारी की परवाह न करते हुये अपने जवानों का नेतृत्व और निर्देशन स्वयं किया । उनकी वीरता, नेतृत्व, कम साधनों से कुशलतापूर्वक काम लेने, दिलेरी, इलाके के साधनों से काम चलाऊ और ज्यादा से ज्यादा काम लेने की योग्यता के कारण ही उनकी सेना शत्रु के अच्छी तरह तैयार सुरक्षित मोर्चों में ज्यादा तादाद में तैनात सैनिकों से टक्कर लेकर सफलतापूर्वक और तेजी से आगे बढ़ सकी ।

पूरे समय में ब्रिगेडियर सन्त सिंह ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल उत्कृष्ट वीरता और प्रेरणादाय क नेतृत्व परिचय दिया ।

3. विंग कमाण्डर पद्मनाभ गौतम, एम वी सी, वी एम,
(4482), फ्लाईंग ब्रांच (पाइलट)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

विंग कमाण्डर पद्मनाभ गौतम ने , जो एक बमबार स्क्वाड्रन की कमान में थे, शत्रु के इलाके में खूब अंदर तक कई उड़ानें का नेतृत्व किया । इनमें 5 और 7 दिसम्बर, 1971 की रात को किए गए दो हमले उल्लेखनीय हैं । जब विंग कमांडर गौतम ने मियां-वाली हवाई अड्डे पर किए गए हमलों का नेतृत्व किया ।
इन दोनों ही मौकों पर उन पर और उनकी फार्मेशन पर शत्रु ने दनादन विमानभेदी गोले बरसाए । इसके बावजूद नीची उड़ान करते हुये शत्रु के ठिकानों पर ठीक निशाने के हमले किए गए और उसे भारी क्षति पहुंचाई, अन्य उड़ानों के दौरान विंग कमांडर

गौतम ने मिंटगुमरी-रायविड क्षेत्र के रेलवे मार्शलिंग यार्डों पर राकेटों और तोपों से उल्लेखनीय सफलता के साथ चतुमुखी आक्रमण किया।

सारी लड़ाई के दौरान, विंग कमांडर पउनाभ गौतम ने, वायुसेना की उच्चत्तम परम्पराओं के अनुरूप उत्कृष्ट वीरता अनुकरणीय उड़ान कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

4. मेजर चेवंग रिनचैन, एम वी सी,

(आई सी–16224), लद्दाख स्काउट्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि–8 दिसम्बर, 1971)

लद्दाख स्काउट्स के मेजर चेवंग रिनचैन उस सैन्य टुकड़ी के कमान्डर थे जिसे प्रतापपुर सेक्टर में चालुन्का के रक्षित शत्रु के इलाके पर कब्जा करने का काम सौपा गया था। शत्रु के 9 मजबूत मोर्चों में प्रत्येक पर 1 से 2 तक प्लाटूनें थी और सुरंगें और तार की रुकावटों द्वारा इन मोर्चों को सुरक्षित किया था। इस कार्यवाही की योजना फौजी कुशलता और उत्साह से बनाई गई थी और उसे पूरा किया गया था। खराब मौसम होने के बावजूद मेजर रिनचैन ने सैनिकों का नेतृत्व साहस और आक्रामक जोश के साथ किया। वे एक बंकर से दूसरे बंकर पर लड़ते रहे और अपने सैनिकों को शत्रु को नष्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। इस तरह यह कार्यवाही पूरी तरह सफल हुई।

इस कार्यवाही में मेजर चेवंग रिनचैन ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल प्रेरणादायक नेतृत्व, अदम्य, साहस, पहल और कर्त्तव्य के प्रति असाधारण निष्ठा का परिचय दिया।

नई दिल्ली, दिनांक 4 फरवरी, 1972

सं० 33–ज/72:—राष्ट्रपति प्रादेशिक सेना के निम्नांकित आयुक्त अधिकारियों को सराहनीय सेवाओं के लिये "प्रादेशिक सेना अलंकृत" प्रदान करते है :—

मेजर एम० राममोहन राव (ज० टी०–40177', आर्टिलरी,
मेजर के नरसिंह विट्ठल (टी ए०–40499) आर्टिलियरी
कप्टान हरीभगवान तिवारी (टी० ए०–40592) आर्टिलरी
मेजर रायमन्ड रूबीन (टी० ए०–40006), इन्फैन्ट्री
मेजर रामपालसिंह मान (टी० ए०–40254, इन्फैन्ट्री
मेजर हरी मोहन चटर्जी (टी० ए० 40534), इन्फैन्ट्री
मेजर जगत सिह भल्ला (टी० ए०–(एम०)–1006, ए० एम० सी०।

सं० 24–प्रेज/72:–राष्ट्रपति सीम सुरक्षा दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :–

अधिकारी के नाम तथा पद।

श्री प्रताप सिंह मेहत
सहायक कमांडेट,
19वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

